

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,बुधवार 05 मार्च 2025 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-334 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


**भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी** | **आसंदी ने की टिप्पणी-अत्यंत खेदजनक, अधिकारी समय पर दें जवाब**

# प्रश्न पूछे जाने के आधे घंटे पहले मिला जवाब,नेता प्रतिपक्ष ने जताई आपत्ति

**रायपुर,5 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में सातवें दिन प्रश्नकाल में पहला प्रश्न भारतमाला परियोजना में प्रभावितों को मुआवजा में गड़बड़ी से जुड़ा हुआ था. प्रश्नकर्ता नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने अध्यक्ष के निर्देश के बावजूद प्रश्न का उत्तर आधे घंटे पहले मिलने पर आपत्ति जताई. मुद्दे पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने नेता प्रतिपक्ष का साथ दिया.

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने व्यवस्था पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि मुझे प्रश्न का उत्तर अभी आधे घंटे पहले मिला, इसे इतनी देर में पढ़ा भी नहीं जा सकता, जबकि पिछले हफ्ते का प्रश्न था, जिसे आज के लिए लेना तय किया गया है. पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने भी इसे व्यवस्था का प्रश्न बताते हुए नेता प्रतिपक्ष का साथ दिया. मामले में आसंदी से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह अत्यंत खेदजनक है. संसदीय कार्य मंत्री को निर्देशित करता हूँ कि सभी अधिकारियों को निर्देशित करें कि सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख कर उत्तर मुहैया कराया जाए. इसके साथ ही इसे अगले हफ्ते के पहले प्रश्न के तौर पर लिए जाएगा. बता दें कि रायपुर-विशाखापटनम इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए भारतमाला परियोजना भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में गड़बड़ी पर निलंबित हुए तत्कालीन एसडीएम और वर्तमान में जगदलपुर नगर निगम आयुक्त निर्भय साहू (राप्रसे) की कारगुजारियां धीरे-धीरे सामने आ रही हैं. निर्भय साहू ने नियमों में खामियों का जिस तरीके से इस्तेमाल किया है, वह अपने आप में नायाब है. निर्भय साहू की कारगुजारियों से वाकिफ जानकार बताते हैं कि निर्भय साहू अभनपुर में कमोबेश तीन साल 15 अक्टूबर 2020 से लेकर 1 जून 2023 तक एसडीएम रहे. इसी दौरान



भारतमाला प्रोजेक्ट में घोटाला हुआ. केंद्र से मिले मुआवजे का ऐसा बंदरबांट हुआ कि एक तरफ पूरा राजस्व अमला तो दूसरी तरफ जमीन के मालिक पूरे लाल हो गए. बताया जाता है कि अभनपुर में 9.38 किलोमीटर के एरिया में 50.28 हेक्टेयर प्रायवेट लैंड अधिग्रहित किया, उसके लिए 248 करोड़ का मुआवजा बांट दिया. इसमें अभी भी 78 करोड़ का क्लेम बचा है. वहीं धमतरी जिले के कुरूद में 51.97 किलोमीटर की सड़क के लिए 207.57 हेक्टेयर निजी जमीन अधिग्रहित की गई, उसके एवज में मात्र 108.75 करोड़ का मुआवजा बंटा. यह अंतर समझने के लिए पर्याप्त है कि निर्भय साहू किस स्तर के खिलाड़ी थे. बताया जाता है कि सिक्स लेन एक्सप्रेसवे के लिए जिस जमीन का अधिग्रहण किया जाना था, उसके लिए एसडीएम कार्यालय से 3ए का प्रकाशन भी हो गया था. कायदे से 3ए के प्रकाशन के बाद उस इलाके में जमीनों की रजिस्ट्री, खसरा और बटांकन का काम नहीं हो सकता. लेकिन इसके बाद भी 32 प्लाटों को 247 छोटे प्लॉटों में बांटकर करोड़ों रुपए का मुआवजा ले लिया. केवल निजी ही नहीं 51 हेक्टेयर सरकारी घास जमीन को निजी कर मुआवजे का बंदरबाट कर लिया.बताया जाता है कि कमोबेश 300 करोड़ रुपए के इस घोटाले का खुलासा दिल्ली से दबाव पड़ने के बाद हुआ. मुआवजे के तौर पर 248 करोड़ रुपए देने के बाद 78 करोड़ के और क्लेम सामने आने पर नेशनल हाईवे अथारिटी के चीफ विजिलेंस आफिसर ने रायपुर कलेक्टर से इसकी जांच कराने कहा था. लेकिन जांच सालों तक अटकी रही. दिल्ली से पड़े दबाव के बाद कलेक्टर ने जांच रिपोर्ट तैयार की, जिसमें यह बात स्पष्ट हुई कि मूल मुआवजा 35 करोड़ के आसपास बनता था, जिसे 213 करोड़ रुपए ज्यादा कर बांट दिया गया.

## संक्षेप

### अटल पथ पर पिकअप से टकराई कार

**रायपुर,5 मार्च।** अटल पथ पर आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जब एक कार खड़ी पिकअप से टकरा गई। यह हादसा राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुआ, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार की चालक एक महिला थी, जिसने अज्ञात कारणों से वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और सीधे सड़क किनारे खड़ी पिकअप में जाकर टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार को भारी नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। अभी तक किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं मिली है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है कि यह हादसा लापरवाही के कारण हुआ या फिर किसी तकनीकी खराबी के चलते।

### सड़क दुर्घटना में नाबालिग की मौत

**अभनपुर,5 मार्च।** आरंग मार्ग पर जमगांव के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीन लोग एक ही बाइक पर सवार होकर अपने काम से घर लौट रहे थे, तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। हादसे में एक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान आरंग थाना क्षेत्र के चापरीद समोदा निवासी के रूप में हुई है। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक की चपेट में आने से बालक की मौत

**कोरबा,5 मार्च।** तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद नशे में धुत ट्रक चालक की लोगों ने जमकर पिटाई की. सूचना पर पहुंची 112 की टीम ट्रक चालक को गिरफ्तार कर थाने लाई. घटना उरगा थाना अंतर्गत कोरबा सक्ती मार्ग पर भैसमा बाजार चौक के मुख्य मार्ग पर रात करीबन 9 बजे घटित हुई. तेज रफ्तार नियंत्रित होकर स्कूटी को ठोकर मारते हुए दीवार से जा टकराई. ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार नाबालिक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक बेंदरकोना निवासी 16 वर्षीय परमेश्वर कंवर अपने परिजनों के साथ भैसमा के एक कपड़ा दुकान में कपड़ा लेने आया हुआ था. परिजन कपड़ा ले रहे थे, वहीं मृत नाबालिग बाहर स्कूटी में बैठकर मोबाइल चला रहा था, तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक परमेश्वर को ठोकर मारते हुए दीवार से जा टकराई.

### सपा विधायक अबू आजमी महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित

**मुंबई,5 मार्च।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने मंगलवार (5 मार्च) को कहा था कि अबू आजमी का यह बयान महाराष्ट्र की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाता है और इसके लिए उन्हें सख्त सजा दी जाएगी. उनके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी. अब सपा विधायक को मौजूदा बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है. हालांकि अबू आजमी ने मंगलवार (4 मार्च) को अपना बयान वापस ले लिया था. उन्होंने सोशल मीडिया में एक्स में लिखा था कि, 'मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है.

### सेमीफाइनल हारने के बाद स्टीव स्मिथ ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली,5 मार्च।** टीम इंडिया के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का सेमीफाइनल हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ टीम के कप्तान थे, लेकिन उनकी कप्तानी में टीम सेमीफाइनल तक का ही सफर तय कर पाई।

## संस्थान में नहीं सिकलसेल मरीजों के इलाज की सुविधा

**भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने ध्यानाकर्षण में उठाया मामला**

**रायपुर,5 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सिकलसेल संस्थान में सिकलसेल के मरीजों की इलाज की सुविधा नहीं होने का मामला सदन में उठा. ध्यानाकर्षण के ज़रिए भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने मामला उठाया. अजय चंद्राकर ने कहा कि- पीड़ित मरीज अपनी मौत का इंतज़ार कर रहे हैं. प्रदेश में सिकलसेल बीमारी से 25 लाख लोग पीड़ित है. सिर्फ एक ही चिकित्सा संस्थान रायपुर में है लेकिन पर्याप्त विशेषज्ञ नहीं है. कोई रिसर्च नहीं किया जाता. संचालन के लिए स्वयं का भवन तक नहीं है. मरीज इलाज के लिए दर दर भटक रहे हैं.





स्वाथ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि- राज्य में एकमात्र सिकलसेल संस्थान है. राज्य के सरकारी चिकित्सालय में सिकलसेल प्रबंधन सेल शुरू किया गया है. सिकलसेल को लेकर वैज्ञानिकों ने 19 शोध पत्र प्रकाशित किया है. चिकित्सकों की नियुक्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. सिकलसेल सेंटर ऑफ़ एक्सिलेंस में बोनमैरो ट्रांसप्लांट की व्यवस्था शुरू की जा रही है. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा- जब मैं स्वास्थ्यमंत्री था तक सिकलसेल संस्थान शुरू किया गया था. भूपेश सरकार तो सिर्फ भवन के लिए नारियल फोड़कर चुप बैठ गई. मंत्री बताए कि संस्थान में कितने डॉक्टर और विशेषज्ञ हैं? स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा- प्रदेश में सिकलसेल के लिए बड़ा काम किया गया है. 23 जून 2023 को भूपेश सरकार ने आनन फ़ानन में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के लिए भूमिपूजन कर लिया था. हमारी सरकार आने के बाद से अब तक 11 बैठके हम कर चुके हैं. 180 का सेटअप है. 28 कार्यरत हैं. इनमें से 4 विशेषज्ञ डॉक्टर हैं. हमारा प्रयास होगा कि जल्द से जल्द डॉक्टरों की भर्ती की जाए. जब तक भर्ती नहीं होती तब तक डॉक्टरों को अटैच कर कार्यवाही की जाएगी. अजय चंद्राकर ने पूछा- संस्थान में कितनी मशीन उपलब्ध है, और कितने मानव संसाधन है?स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि-आवश्यकतानुसार चार उन्नत मशीनें उपलब्ध हैं. जांच के लिए मानव संसाधन उपलब्ध है. प्रतिदिन 60 मरीजों की जांच की जा रही है. नौ तकनीशियन मशीनों को ऑपरेट करने के लिए हैं.भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पूछा- सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बनाने के लिए कितने दिनों में बोनमैरो ट्रांसप्लांट, शोध आदि की अनुमति मिल जाएगी? संस्थान के ठीक बाजू का बंगले में मंत्री रहते थे. उस बंगले की जमीन को भी संस्थान के लिए दिया जाना था. क्या किसी तरह की आर्थिक अनियमितता की शिकायत पाई गई है? स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा- करीब दो एकड़ जमीन थी. किसी भी तरह की आर्थिक अनियमिता की जानकारी नहीं है. यह दुर्भाग्य है कि किसी भी स्वास्थ्य मंत्री ने सिकलसेल संस्थान को मजबूत करने के लिए काम नहीं किया है.

## अमलीडीह की शासकीय भूमि के आबंटन पर उठे सवाल

**राजस्व मंत्री ने कहा - आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई थी और कैबिनेट का फैसला आ गया**

**रायपुर,5 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी रायपुर में शासकीय जमीन के आवंटन का मुद्दा प्रश्नकाल में उठा। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने अमलीडीह की शासकीय भूमि के आबंटन पर सवाल उठाये। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने पूछा- जमीन आबंटन निरस्त होने के कारण क्या है? जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा- मंत्रिमंडल में नियम में बदलाव की वजह से आबंटन निरस्त कर दिया गया था। जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई थी, बल्कि प्रक्रियाधीन थी, इस दौरान कैबिनेट का फैसला आ गया, जिसके बाद जमीन का आवंटन नहीं किया गया।धरमलाल कौशिक ने सप्लीमेंट्री सवाल में जानना चाहा कि 56 करोड़ रुपए पटाया जाना था लेकिन सिर्फ 9 करोड़ रुपए की राशि जमा की गई थी। अधिकारियों ने जो इस तरह से काम किया था उनके ख़िलाफ़ क्या कार्रवाई की जाएगी? धरमलाल कौशिक ने कहा कि भूमि का आबंटन रामा बिल्डकॉन को किया गया था। यह जवाब दिया गया है. भूमि रिकॉर्ड में किसके नाम पर है? जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि भूमि का आबंटन की प्रक्रिया चल रही थी। संबंधित पक्ष ने राशि नहीं पटाई गई थी। शासन ने आबंटन निरस्त कर दिया था। राजस्व मंत्री ने कहा- आबंटन कलेक्टर के द्वारा किया जाता है, जब राशि पटाई जाती है. राशि जमा करने के पूर्व ही आबंटन रद्द कर दिया गया था। रिकॉर्ड में भूमि



शासन के नाम पर ही दर्ज है. कलेक्टर द्वारा डिमांड लेटर दिया ही नहीं गया था। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा- आबंटन की प्रक्रिया ग़लत थी. इस पर क्या कार्रवाई की जाएगी? सरकार की जमीन की अफ़रातफ़री करेंगे? 56 करोड़ की जमीन को 9 करोड़ रुपए में कर देंगे? राजस्व मंत्री ने कहा- आबंटन किया ही नहीं गया. भाजपा विधायक ने कहा- सरकारी जमीन की बंदरबाँट की गई है। यह सिर्फ़ एक प्रकरण नहीं है। मंत्री सदन में असत्य कथन कर रहे हैं. मंत्री ने कहा- निरस्त कर दिया गया है। धरमलाल कौशिक ने बताया कि अगर जमीन का आवंटन रद्द कर दिया गया। इसके बाद जमीन का स्ट्रक्चर को ढाहना पड़ेगा। क्या शासन ये कार्रवाई करेगा।

## सर्पदंश से मौत पर खेला गया मुआवजे का खेल

**रायपुर,5 मार्च।** सर्पदंश से होने वाली मौतों पर मुआवजे के नाम पर अधिकारियों ने करोड़ों रुपए के घोटाले को अंजाम दिया. सदन में भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा लगाए गए आरोप पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जांच की घोषणा की. विधायक सुशांत शुक्ला ने विभाग की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर कहा कि सर्पलोक कहे जाने वाले जशपुर में 96 लोगों की सर्पदंश से मौत हुई, जबकि बिलासपुर में 431 लोगों की मौत हो जाती है, जो संभव नहीं. मुआवजे में करोड़ों की गड़बड़ी हुई है, फर्जीवाड़ा किया गया है. विधानसभा अध्यक्ष ने आसंदी से कहा कि सांप फर्जी था कि आदमी फर्जी था. मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पहली बार ये जानकारी में आया है. ऐसा है तो विधायक जानकारी दें, इसकी जांच कराई जाएगी. सुशांत शुक्ला ने कहा कि पहले जांच हुई है क्या? जबकि पहले भी शिकायत हुई है. राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों का घोटाला हुआ है. इसकी सचिव स्तर के अधिकारी से जांच करायेंगे क्या? मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुझे शिकायत नहीं मिली है. शिकायत मिलने पर जांच और कार्रवाई दोनों होगी. इसके साथ मंत्री टंकराम वर्मा की सदन में घोषणा कि बिलासपुर में सर्पदंश से 431 मौत की जांच कराई जाएगी.



## प्रमोट हुए आईएएस अफसरों को बैच अलॉट

**रायपुर,5 मार्च।** राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत हुए अधिकारियों को उनके बैच का आवंटन कर दिया गया है. केंद्र सरकार के आदेशानुसार 2021 से 2023 की चयन सूची में शामिल अधिकारियों की वरिष्ठता और बैच निर्धारण किया गया है. इस संबंध में जारी किये गए आदेश के अनुसार कुल 10 अधिकारी हीना अनिमेष नेताम, अश्विनी देवांगन, डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, आशुतोष पांडे, अजय कुमार अग्रवाल, रीता यादव, लोकेश कुमार, प्रकाश कुमार, गजेन्द्र सिंह ठाकुर और तनुजा सलाम का नाम शामिल है.**जारी आदेश के अनुसार-** 2021 चयन सूची में हीना अनिमेष नेताम को 2016 बैच और अश्विनी देवांगन को 2018 बैच मिला. 2022 चयन सूची में डॉ. रेणुका श्रीवास्तव और आशुतोष पांडे को 2019 बैच में स्थान दिया गया.2023 चयन सूची में अजय कुमार अग्रवाल, रीता यादव, लोकेश कुमार, प्रकाश कुमार, गजेन्द्र सिंह ठाकुर और तनुजा सलाम को 2019 बैच में शामिल किया गया. इस बैच आवंटन के लिए IAS (वरिष्ठता विनियमन) नियम, 1987 के तहत वेटेज फॉर्मूला लागू किया गया है, जिससे अधिकारियों को उनके तत्काल वरिष्ठों के अनुसार उचित स्थान दिया गया है.

## किराए के हेलीकॉप्टर पर 249 करोड़ रुपए से अधिक खर्च

**रायपुर,5 मार्च।** छत्तीसगढ़ सरकार ने बीते चार सालों में किराए पर लिए गए हेलीकॉप्टर के लिए 249 करोड़ 15 करोड़ 42 हजार 818 रुपए का भुगतान किया है. इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस विधायक इंद्र साव के सवाल के जबाव में दी.

कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने प्रश्नकाल के दौरान सवाल किया कि छत्तीसगढ़ शासन के विमानन विभाग ने वर्ष 2021-22 से 2024-25 (31 जनवरी 2025) तक किन-किन निजी कंपनियों से हेलीकाप्टर किराये पर लिया. इन कंपनियों को किस दर पर राशि का भुगतान किया गया है. इसके अलावा क्या विमानन विभाग ने शासकीय विमान की खरीदी की थी. यही नहीं वर्तमान में यह विमान उपयोग में है अथवा नहीं? मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि राज्य शासन ने वर्ष 2006-07 में डबल ईंजन युक्त शासकीय विमान - की खरीदी की थी, यह विमान दिसंबर 2006 से उपलब्ध है. इसके अलावा राज्य शासन द्वारा समय-समय पर टेण्डर के जरिए निजी कंपनियों से हेलीकॉप्टर किराए पर लिया जाता है. मुख्यमंत्री साय ने बताया कि वर्ष 2021-22 में ढिल्लन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव, हरियाणा से 11 बार हेलीकॉप्टर किराए पर लिया गया था, जिसके एवज में 6 करोड़ 66 लाख 42 हजार 783 रुपए का भुगतान किया गया. वहीं एयर किंग चार्टर प्राइवेट लिमिटेड से 21 बार हेलीकॉप्टर किराए पर लिया गया था, जिसके एवज में 18 करोड़ 15 लाख 92 हजार 159 रुपए का भुगतान किया गया. इसी तरह वर्ष 2022-23 में ढिल्लन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव, हरियाणा से 41 बार हेलीकॉप्टर किराए पर लिया गया था, जिसके एवज में 59 करोड़ 99 लाख 44 हजार 105 रुपए का भुगतान किया गया. वहीं एयर किंग चार्टर प्राइवेट लिमिटेड से 16 बार हेलीकॉप्टर किराए पर लिया गया था, जिसके एवज में 18 करोड़ 71 लाख 29 हजार 947 रुपए का भुगतान किया गया.वर्ष 2023-24 में ढिल्लन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव, हरियाणा से 51 बार हेलीकॉप्टर किराए पर लिया गया था, जिसके एवज में 89 करोड़ 50 लाख 33 हजार 999 रुपए का भुगतान किया गया.

## युवक-युवती के शव पेड़ से लटके मिले

**गरियाबंद,5 मार्च।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक और युवती के शव पेड़ से लटके हुए मिले। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। यह घटना गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र के कुम्ही गांव की है। यहां एक बरगद के पेड़ से युवक और युवती के शव फांसी के फंदे से लटके हुए पाए गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शवों को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में मृतकों की पहचान टोमेश्वरी साहू (खुटेरी) और टिकेश्वर साहू (कुम्ही) के रूप में हुई है। दोनों के बीच किस प्रकार का संबंध था और इस घटना के पीछे की वजह क्या है, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जो टिकेश्वर साहू के पास से बरामद हुआ। हालांकि, पुलिस ने अभी इस सुसाइड नोट की जानकारी सार्वजनिक नहीं की है और इसकी गहन जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट में आत्महत्या के कारणों का उल्लेख किया गया है.

## अमेरिका को युद्ध चाहिए तो हम इसके लिए तैयार हैं: चीन

**बीजिंग,5 मार्च।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ नीति पर पलटवार करते हुए चीन ने बुधवार को कहा कि अगर अमेरिका ने व्यापारिक प्रतिबंधों के रूप में युद्ध की शुरुआत की है तो हम इसका मुकाबला करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चीन ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर अमेरिका व्यापारिक युद्ध को आगे बढ़ाने का मन बना चुका है तो ड्रैगन इस लड़ाई को अंत तक लड़ेगा। चीन के अमेरिका स्थित दूतावास ने एक बयान में कहा, ÷अगर अमेरिका को युद्ध चाहिए, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई और प्रकार का युद्ध, तो हम इसे अंत तक लड़ने के लिए तैयार हैं।÷ यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 2 अप्रैल से भारत, चीन और अन्य देशों पर टैरिफ शुल्क लगाने की घोषणा के बाद आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और चीन सहित अन्य देशों द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क बहुत अनुचित हैं। 2 अप्रैल से ये शुल्क लागू होंगे। ट्रंप ने कहा, दूसरे देशों ने दशकों तक हमारे खिलाफ टैरिफ का उपयोग किया है। अब हमारी बारी है कि हम उन देशों के खिलाफ इसे इस्तेमाल करना शुरू करें। यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत, मेक्सिको और कनाडा - क्या आपने इनके बारे में सुना है? अनगिनत अन्य देशों ने हम पर जो टैरिफ लगाए हैं, वे हमारी तुलना में बहुत अधिक हैं। यह बहुत अनुचित है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अब अमेरिका उन देशों के खिलाफ जवाबी कदम उठाने का मन बना चुका है जिन्होंने अमेरिकी उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाया है। चीन ने इस कदम का प्रतिवाद करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी व्यापारिक रणनीति का मुकाबला करने के लिए तैयार है। यह स्पष्ट रूप से एक तनावपूर्ण व्यापारिक माहौल की ओर इशारा करता है, जिसमें चीन और अमेरिका के बीच पहले से ही कई मुद्दों को लेकर मतभेद थे। चीन ने कहा कि वह किसी भी प्रकार के आर्थिक संघर्ष से पीछे नहीं हटेगा और इसे अंत तक लड़ेगा।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर दी भारत को धमकी

**वाशिंगटन,5 मार्च।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले संयुक्त सत्र में संसद को संबोधित किया. इस भाषण में उन्होंने कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिनमें विदेशी व्यापार नीति, स्वतंत्रता भाषण और टैरिफ के संबंध में उनके दृष्टिकोण शामिल थे. ट्रंप ने विशेष रूप से भारत, चीन, कनाडा और मेक्सिको का उल्लेख करते हुए इन देशों द्वारा अमेरिका पर लगाए गए उच्च टैरिफ की आलोचना की. उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल की मुख्य प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका प्रशासन अमेरिका की सुरक्षा और आर्थिक विकास को प्राथमिकता देगा. ट्रंप ने कहा कि भारत, चीन, कनाडा, मेक्सिको, ब्राजील और दक्षिण कोरिया जैसे देशों ने लंबे समय से अमेरिका के खिलाफ अत्यधिक टैरिफ लगाए हैं.

## यूपी भेजिए, ढंग से इलाज कर देंगे

**अबू आजमी पर बरसे योगी**

**लखनऊ,5 मार्च।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अबू आजमी के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोहिया से ज्यादा औरंगजेब समाजवादी पार्टी के आदर्श हैं। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली उनकी हालिया टिप्पणी पर विवाद के बीच महाराष्ट्र विधानसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के औरंगजेब पर दिए गए बयान परयोगी आदित्यनाथ ने कहा कि उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेजो, हम उसका इलाज करेंगे। योगी ने कहा कि जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी



महाराज की विरासत पर शर्म महसूस करता हो, गर्व करने की बजाय औरंगजेब को अपना आदर्श मानता हो, क्या उसे हमारे देश में रहने का अधिकार है? उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए। एक तरफ आप महाकुंभ को दोष देते रहते हैं। दूसरी तरफ आप औरंगजेब जैसे व्यक्ति की प्रशंसा करते हैं, जिसने देश के मंदिरों को नष्ट कर दिया। आप अपने उस विधायक को नियंत्रित क्यों नहीं कर सकते? आपने उनके बयान की निंदा क्यों नहीं की? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेजो, हम उसका उपचार करेंगे।

## समाचार संक्षेप

### तेरापंथ धर्मसंघ ने किया समणी वृंद का स्वागत

**रायपुर,5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** जैन तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य श्री महाश्रमण जी ने महती कृपा करके समणी निर्देशिका कमल प्रज्ञा जी, समणी करुणा प्रज्ञा जी, समणी सुमन प्रज्ञा जी का समणी उपकेंद्र रायपुर फ़रमाया है तदर्थ समणी वृंद का धर्म की गंगा प्रवाहमान करने हेतु रायपुर पधारना हो गया है। समणी वृंद के मंगलमय आगमन




उपलक्ष्य में रायपुर तेरापंथ धर्म संघ द्वारा समणी वृंद का स्वागत समारोह दिनांक 05 मार्च 2025, बुधवार को तेरापंथ अमोलक भवन में आयोजित किया गया। मंगलाचरण तेरापंथ महिला मंडल द्वारा किया गया। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के साथ ही सभी संघीय संस्थाओं के पदाधिकारियों ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किए। समणी सुमन प्रज्ञा जी ने सुमधुर गीतिका के माध्यम से धर्म के मर्म को पीरोते हुए प्रेरणादायक गीतिका का संगान किया। समणी करुणा प्रज्ञा जी ने धर्म की करुणा को परिभाषित करते हुए कहा कि हमें दर्पण में स्वयं को देखना चाहिए जिससे मैं अर्थात अहम कि भावना का नाश होगा। समणी निर्देशिका कमल प्रज्ञा जी ने सुमधुर गीतिका के माध्यम से आचार्य श्री की कृपा रुपी महिमा को प्रस्तुत किया। समणी जी ने कहा कि धर्म हमें जीवन जीने की आध्यात्मिक शैली सिखाता है जिसके अनुसरण से हमें अपनी आत्मा का कल्याण कर सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य का बजट:मोंटी

**डोंगरगढ़,5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव



सरकार का दूसरा बजट युवा वित मंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा के पटल में रखा गया जो माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत के संकल्प में भागीदारी निभाने वाला बजट हैसांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के इस बजट में महिलाओं के उत्तथान एवं सशक्तिकरण ,युवाओं को शासकीय सेवाओं एवं रोजगार के अवसर,ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता दिखाने के साथ ही शहरी विकास को समर्पित यह बजट है। छत्तीसगढ़ राज्य जो अभी युवा अवस्था में है जिसका जन्म हुए आज मात्र 24 वर्ष ही हुए है इस बजट में छत्तीसगढ़ को भारत के अग्रणी राज्यों में लाने के लिए कृषि को आधुनिक बनाने,औद्योगिक विकास अंतर्गत नए उद्योगों के लिए स्टार्टअप योजना,प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना,पर्यटन,सामाजिक कल्याण,शिक्षा, स्वास्थ एवं परिवार कल्याण,जनजातीय विकास, खेलो को प्रोत्साहन देने के लिए सभी प्रावधान किए गए है। यह बजट छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य की नींव रखने वाले बजट के रूप में जाना जाएगा।

### सरपंच लता देवल साहू ने पद और गोपनीयता की ली शपथ

**राजनांदगांव ,5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** शहर से लगे ग्राम पंचायत जंगलेसर में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने पद एवं गोपनीयता के साथ गांव में स्वच्छता बहाल रखने की शपथ ली। ग्राम पंचायत



जंगलेसर के सचिव बरातू राम पटेल द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती लता देवल साहू एवं 20 पंचो को ग्रामवासियों की उपस्थिति में शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित पंचगण देवल साहू, जयप्रकाश साहू, गीताबाई रजक, आरती मंडावी, अनिल कुमार यादव,विरेंद्र कुमार चंद्राकर, कैाशलेश कुमार साहू, विद्या चंद्राकर, हिरौंदी, देवी लाल साहू, लक्ष्मी चंद्राकर,लीला रजक, देवसीर निषाद, पुरुषोत्तम निषाद, शीतल चंद्राकर, भुवनेश्वरी रजक, अभिषेक कुमार चंद्राकर, रविता चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, दुलारी बाई साहू ने शपथ ली । इस अवसर पर पूर्व सरपंच चेतन लाल चंद्राकार, ऑपरेटर रीना चंद्राकर,पूर्व सरपंच राधे चरण साव दाऊ,विरेंद्र साव , लखन चंद्राकर, भूषण साहू,युवराज साहू, सौरभ साव , रामेश्वर चंद्राकर, भरत चंद्राकर, माधो चंद्राकर, धनेश्वर साहू,सोनाली तायवाडे पटवारी नोडल केवल साहू, डोमन सिंह चौहान कोटवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### साय सरकार का बजट जनता के लिए छलावा:नीरज कन्नौजे

**राजनांदगांव ,5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे कहा है कि साय सरकार द्वारा पेश बजट 2025 जनता के लिए पूरी तरह छलावा है। इसमें आंकड़ों और शब्दों का मायाजाल हैं। जिसे जनता समझती है। सच्चाई तो यह है पूर्ववर्ती भूपेश



बघेल सरकार के वार्षिक बजट से जनता बहुत आकर्षित होती थी और वास्तविक धरातल पर काम किया जाता था। भूपेश सरकार की कई योजनाओं को बंद करके इस सरकार ने जनता को तकलीफ में डाल दिया है और अब बजट के नाम पर आंकड़ों और शब्दों का भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। प्रदेश में 18 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है यह बात बजट में जानकर जनता क्या करेगी। जनता को तो भूपेश सरकार की तरह हाफ बिजली योजना पसंद है। जो नहीं दी गई है रायपुर में पहले 6 फ्लाइट आया करती थी अब 76 फ्लाइट आती है इससे गरीबों का क्या फायदा होगा। बजट में 14 मेडिकल कॉलेज गिनाया जा रहा है लेकिन डॉक्टर कहां कितने हैं कहां डॉक्टर की कमी दूर की जा रही है यह नहीं बताया जा रहा है। शासकीय कर्मचारी की संख्या चार लाख पहुंच गई है यह बताकर क्या संदेश देना चाहती है। सरकार को चाहिए कि शासकीय कर्मचारियों की समस्या दूर करने योजना सामने लाएं।

### विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने वाला बजट:परवेज़ अहमद

**राजनांदगांव ,5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** मुख्यमंत्री विष्णु साय नीत भाजपा सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश बजट 2025 पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सदस्य परवेज़ अहमद पप्पू ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को अनुकूल विकसित भारत के सपने को साकार करने की कड़ी में विकसित छत्तीसगढ़ को स्वप्न को साकार करने वाला बजट है। साय



सरकार के इस दूसरे बजट से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी। यह बजट सभी वर्ग को फीलगुड कराने वाला बजट है। बजट में जिला खनिज मद के कार्यों के सामाजिक अंकेक्षण की बात कही गई है। प्रदेश में ईज ऑफ डुविंग पर फोकस किया गया है।

# नगरी के प्रथम नागरिक बने बलजीत छाबड़ा

- नगर विकास को बताया पहली प्राथमिकता.. सामारोह के साक्षी बने नगरवासी
- शपथ से पहले ट्रैक्टर और हार्वेस्टर में बैठ कर अध्यक्ष और पार्षदों की निकली रैली जो नगर में आकर्षण का केंद्र रही




**नगरी,5 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगर पंचायत में नगरी में बलजीत छाबड़ा ने अध्यक्ष के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। शपथ लेने के साथ ही बलजीत छाबड़ा नगर के प्रथम नागरिक बन गए हैं। इस अवसर पर धमतरी नगर निगम के महापौर रामू रोहरा पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नोहरु राम निषाद बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। नगर पंचायत के प्रांगण में सुबह 12 बजे से आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम पूर्व विधायक श्रवण मरकाम,अशोक सोम,पिंकी ध्रुव, शामिल हुए। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा नवनिर्वाचित पार्षदों के संग सीधे नगर पंचायत दफ्तर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। समारोह में अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के साथ ही 15 पार्षदों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समारोह की शुरूआत निर्धारित समय पर हुई तथा सबसे पहले अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इसके बाद एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम ने बलजीत छाबड़ा को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इसके पश्चात् वार्ड क्रमांक 01 से लेकर 15 तक पार्षदों ने 5-5 की संख्या में शपथ ली। शपथ लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने नगरी नगर के विकास को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। शपथ ग्रहण के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं मौजूद रहे। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के प्रमुखों की भी उपस्थिति रही।

### पैलिएटिव केयर,वयोमित्र का दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव। राष्ट्रीय आयुष मिशन, संचालनालय, आयुष छ.ग. रायपुर के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रम पैलिएटिव केयर, वयोमित्र एवं डी.पी.डी.एम.आई.एस. टायर-4 का जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिनांक 04 मार्च 2025, दिन-मंगलवार को होटल अमोरा, रेवाडीह रोड, राजनांदगांव में प्रातः 09.00 बजे से सांय 05.30 बजे तक डॉ. शिल्पा मिश्रा, जिला आयुष अधिकारी, राजनांदगांव के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। पैलिएटिव केयर का प्रशिक्षण डॉ. अमरनाथ शुक्ला, विशेषज्ञ चिकित्सक, स्पेशिलाईज्ड थेरेपी सेन्टर घुमका एवं वयोमित्र कार्यक्रम का प्रशिक्षण डॉ. तपेश्वर सिंह, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, गैन्दाटोला,संस्थाओं के समस्त चिकित्सक एवं फार्मासिस्ट को दिया गया।

## सभी राजनैतिक दलों को गौमाता को राष्ट्रमाता स्वीकारने की सहमति देने 17 मार्च तक अंतिम अवसर: साईं मसन्द

**रायपुर ,5 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

देश के पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों के नेतृत्व व मार्गदर्शन में कार्यरत भारत सहित एक सौ देशों के 1008 धार्मिक व सामाजिक प्रतिभाओं के संगठन परम धर्म संसद 1008 द्वारा पिछले दो वर्षों से देश में गौ प्रतिष्ठा अभियान चला कर केन्द्र व सभी राज्य सरकारों से गौमाता को पशु सूची से बाहर कर उसे राष्ट्रमाता स्वीकारे जाने का प्रस्ताव पारित करने का लगातार अनुरोध किया गया है। उपरोक्त संदर्भ में पिछले साल केवल एक राज्य महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिन्दे ने चुनाव से पहले परम धर्म संसद 1008 के परमाध्यक्ष, ज्योतिर्मठ के पूज्यपाद शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज की उपस्थिति में गौमाता को महाराष्ट्र की राज्यमाता घोषित कर राज्य में उसके भरण-पोषण की समुचित व्यवस्था किए जाने की घोषणा की गई है। हाल ही में प्रयागराज में सम्पन्न कुम्भ मेले में परम धर्म संसद 1008 के एक माह तक चले सत्र



के दौरान लिए गए एक निर्णय के अनुसार देश के सभी सत्तारूढ़ व विपक्षी राजनैतिक दलों को गौमाता को राष्ट्रमाता स्वीकारने की सहमति देने 17 मार्च तक अंतिम अवसर दिया गया है। धर्म संसद में देश के पूज्यपाद तीन शंकराचार्यों व सैकड़ों अन्य विख्यात धार्मिक व सामाजिक प्रतिभाओं ने भाग लिया। लिए गए उक्त निर्णय के अंतर्गत परम धर्म संसद 1008 के परमाध्यक्ष पूज्यपाद शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज धर्म संसद के सैकड़ों प्रतिनिधियों के साथ 17 मार्च को प्रातः 7 बजे से शाम बजे 5 तक इस सम्बन्ध में दिल्ली के रामलीला मैदान में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी धर्म संसद के संगठन मंत्री रायपुर निवासी मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द ने दी। उल्लेखनीय है कि साईं मसन्द साहिब को परम धर्म संसद 1008 का संगठन मंत्री गत् दिनों प्रयागराज में सम्पन्न धर्म संसद के समापन समारोह के दौरान नियुक्त किया गया। वे पिछले तेरह वर्षों से देश के पूज्यपाद शंकराचार्यों व सैकड़ों अन्य महान संतों के सहयोग से देश में सनातन वैदिक सिद्धांतों पर आधारित शासन स्थापित करवाकर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का अभियान चला रहे हैं।

## गांव के विकास में सजग भागीदार बनें सरपंच: वैष्णव

**राजनांदगांव ,5 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजनांदगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम मोखला, ढोडिया



पंचायत दिल्लू साहू, ग्राम भोथीपार खुर्द जितेन्द्र साहू, ग्राम धामनसरा गौरी कृत पटेल के शपथ ग्रहण समारोह विगत दिनों संपन्न हुआ। समारोह में अतिथि के रूप में मधुबाला अंगेश्वर देशमुख, योगेंद्र वैष्णव शामिल हुए। इस दौरान मधुबाला अंगेश्वर देशमुख, योगेंद्र वैष्णव ने शुभकामनाएं संदेश देते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज के पालन करते हुए पंच सरपंच जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य गांव के विकास के साथ-साथ सामाजिक धार्मिक तथा शिक्षा खेलकूद अन्य गतिविधियों को सामाजिक समरसता में बनकर गांव के विकास के लिए भागीदारी बने और गांव के हर नागरिकों के सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाकर चले।

## छत्तीसगढ़ को शराब का गढ़ बना रही है भाजपा सरकार:कुलबीर

**राजनांदगांव ,5 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ की सांय सरकार के बजट को घोर निराशाजनक बताते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 के बजट में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को छलने का कार्य किया है। युवाओं के लिए कोई भी रोजगार इस बजट में नहीं है और न ही किसी भी विभाग में नौकरी दिलाने कोई प्रावधान इस बजट में दिख रहा है इसी तरह जिले के मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेन्ड्री सहित प्रदेश के कई अस्पतालों में डॉक्टरों के कमी के कारण कई लोगो की जाने जा रही डॉक्टर व नर्स के कई पद रिक्त पड़े



है जबकि नर्सिंग कॉलेज पूर्ण किए हजारों बच्चें रोजगार के लिए भटक रहें है। भर्ती के लिए बजट में कुछ होता तो सार्थक पहल कहलाती किन्तु बजट में आवश्यक सेवाओं पर असंवेदनशील रहना प्रदेश सरकार की घोर लापरवाही है। बजट में सस्ते दर पर शराब आबकारी नीति को जारी कर प्रदेश के युवाओं को नशे की लत की ओर अग्रसर कर रही है। इसी तरह ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की नई सड़कों के लिए कोई बजट नहीं रखा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक डॉ.रमन सिंह इस बजट में अपने क्षेत्र के लिए कोई विशेष उपलब्धि नहीं दिला पाएं।

## रात के अंधेरे में सीसी सड़क का निर्माण, ठेकेदार को नोटिस जारी




**छुरिया ,5 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगर पंचायत सीमा क्षेत्र के वार्ड एक में रात के अंधेरे में सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी था । निर्माण कार्य में प्राक्कलन के अनुरूप कार्य न करते हुए स्तरहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा था जिसको गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत सीएमओ ने ठेकेदार को नोटिस जारी किया है । उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत के वार्ड क्र. एक संत रविदास वार्ड में अधोसंरचना मद से 29 लाख रूपये की लागत से नहर नाली से खेत तक सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य दिन में न करते हुए नियम विरूद्ध रात के अंधेरे में स्तरहीन सीमेण्ट,गिट्टी, का उपयोग धड़ल्ले से करते हुए अपनी मनमानी कर रहा था जिसका शीर्षक ''रात के अंधेरे में सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य धड़ल्ले से, ठेकेदार की मनमानी'' का खबर का प्रकाशन 3 मार्च को कड़वा घूंट में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था । खबर का असर पड़ते ही नगर पंचायत सीएमओ अजय सिंह ने दूसरे दिन सी.सी.सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जहां कई खामियां पायी गई । निर्माण कार्य में भी गड़बड़ी मिली है और उन्होने निर्माण कार्य कर रहे फर्म श्याम इंडस्ट्रीज डोंगरगढ़ को नोटिस थमाया है ।

**तीसरी बार मिला ठेकेदार को नोटिस-** संत रविदास वार्ड क्र. एक में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य में निर्धारित समयावधि पर कार्य नहीं करने पर इसके पहले भी संबंधित ठेकेदार को दो बार नोटिस थमाया गया था । वहीं रात के अंधेरे में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य करने की शिकायत पर ठेकेदार को तीसरी बार सीएमओ ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।


रात के अंधेरे में सीसी सड़क का निर्माण कार्य धड़ल्ले से

ठेकेदार की मनमानी, मामला नगर पंचायत छुरिया का

मौके से जवाबदेह अधिकारी रहे नदारद

**प्राक्कलन को दरकिनार कर अपनी मनमानी कर रहा ठेकेदार-** वार्ड क्र. एक में अधोसंरचना मद से सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप न करते भी संदेह के दायरे में हैं

### सिहावा विधानसभा क्षेत्र को मिला 1 अरब 81करोड़.50 लाख का स्वीकृत बजट, इस वर्ष 16 करोड़ .77 लाख रुपये होंगे व्यय

# विधायक अंबिका मरकाम के अथक प्रयासों से क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

**नगरी ,5 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सिहावा विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के लिए 181.50 लाख रुपये की स्वीकृत राशि प्रदान की गई है, जबकि 16677 लाख रुपये की संभावित व्यय राशि इस वर्ष निर्धारित की गई है। यह बजट सड़क निर्माण, पुल-पुलिया, जल संसाधन, सिंचाई परियोजनाओं और अन्य बुनियादी विकास कार्यों में व्यय किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम के लगातार प्रयास और संघर्ष के परिणामस्वरूप सिहावा को यह महत्वपूर्ण बजट प्राप्त हुआ है। उन्होंने प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभागों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट क्षेत्र की दीर्घकालिक विकास योजनाओं को गति देने में सहायक होगा। विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि इस बजट के माध्यम से सिहावा विधानसभा क्षेत्र में अधूरे पड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि सड़क, जल संसाधन, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्रों में ठोस कार्य किए जाएंगे, जिससे लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा। ÷मेरा संकल्प है कि सिहावा विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक तक विकास की किरण पहुंचे। यह बजट हमारे क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा और क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाएगा। मैं सदन से सड़क तक आपके अधिकारों और विकास के लिए संघर्षरत रहूंगी। उन्होंने कहा कि लंबित विकास कार्यों को भी शीघ्र स्वीकृत कराने के लिए वे निरंतर सरकार और मंत्रियों से संपर्क में रहेंगी। सिहावा विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत प्रमुख विकास कार्यमोहरा-सराईभरदर मार्ग: 30.00 किलोमीटर लंबाई में निर्माण कार्य।साकरा, घटुला, बेलरगांव, जैतपुरी मार्ग (मुख्य जिला मार्ग): पुल-पुलिया सहित 30 किलोमीटर का टू-लेन चौड़ीकरण।नगरी-सिहावा-बोराई (राज्य मार्ग क्रमांक 23): किमी 98/10 पर क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नवीन पुल निर्माण। मेघा-सिंगपुर-दुगली मार्ग: पुल-पुलिया सहित चौड़ीकरण (लंबाई 24 किलोमीटर, राज्य मार्ग)।भुमका-बेलरगांव-कसपुर-सीतानदी मार्ग: पुल-पुलिया सहित (लंबाई 7 किलोमीटर, 14/8 से 21/6)।2. जल संसाधन एवं सिंचाई



परियोजनाएंमुरुमसिल्ली बांध सुधार कार्य (2765 लाख, इस वर्ष 200 लाख व्यय संभावित)।सोंडुर परियोजना (फेज-3) (8500 लाख, इस वर्ष 200 लाख व्यय संभावित)।ग्राम सेमरा-देवरी नाला पर स्टैंप डैम निर्माण (380 लाख, इस वर्ष 50 लाख व्यय संभावित)।बेलरगांव जलाशय एवं नहर जीर्णोद्धार कार्य (295 लाख, इस वर्ष 20 लाख व्यय संभावित)।सोंडुर जलाशय के तहत प्रदाय एवं वितरक नहरों में सुधार (300 लाख, इस वर्ष 100 लाख व्यय संभावित)।सोंडुर परियोजना के अंतर्गत विभिन्न नहरों में मिट्टी एवं लाइनिंग कार्य (298 लाख, इस वर्ष 100 लाख व्यय संभावित)खम्हरिया माइनर, रानीगांव माइनर, उमरगांव माइनर, पावद्वार माइनर, हिर्रीडीही माइनर-1 एवं 2 (299 लाख, इस वर्ष 100 लाख व्यय संभावित)सिहावा वितरक शाखा: गाडोंगरी माइनर, भोथा पारा माइनर, सीतानदी माइनर-1 एवं 2 (298 लाख, इस वर्ष 100 लाख व्यय संभावित)।नगरी-जब्बरा मार्ग पर कजल नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण।ग्राम कारखा से हशोदा मार्ग पर सोंढूर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण।विधायक अंबिका मरकाम की प्रतिबद्धता: जनता के अधिकारों की रक्षा और विकास कार्यों की निगरानीविधायक अंबिका मरकाम ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि इन सभी कार्यों की निगरानी वे स्वयं करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा, जिससे सिहावा विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को स्थायी लाभ मिल सके।÷मेरा उद्देश्य सिहावा को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार द्वारा स्वीकृत इन कार्यों से क्षेत्र में सड़क, जल संसाधन एवं पुल निर्माण को मजबूती मिलेगी। यह बजट हमारे क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक होगा, जिससे यातायात, कृषि, सिंचाई, एवं बाढ़ सुरक्षा में सुधार होगा। मैं सरकार का आभार व्यक्त करती हूं.

## प्रतिबंधित प्लास्टिक बेचने पर किराना दुकानों से वसूला जुर्माना

**राजनांदगांव ,5 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

शासन निर्देश के अनुक्रम में प्लास्टिक मुक्त नगर की परिकल्पना को साकार करने प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित किये जाने तथा सडक में बिल्डिंग मटेरियल व मलमा रखने पर मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने कलेटर व प्रशासक श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही की कडी में आज निगम का स्वास्थ्य अमला ने गंज चौक के बजाज प्लास्टिक व किराना दुकान तथा नंदई चौक के किराना दुकानों में दबीस दी और प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय करने पर 3 हजार रूपये अर्थदण्ड वसूला। इसी प्रकार लखोली राम नगर में रेत, गिट्टी बिल्डिंग मटेरियल रखने पर संबंधित से 3 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि कतिपय लोगों के द्वारा अपने आवास व दुकानों के सामने मलमा तथा दुकानों का समान रखकर सडक में अतिक्रमण कर लिया जाता है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ साथ गंदगी फैलती है। जिसे ध्यान में रखते हुये नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता प्रतिदिन निरीक्षण कर कार्यवाही कर रही है, कार्यवाही के तहत आज लखोली राम नगर में इंद्रकुमार देशलहरा द्वारा रेत, गिट्टी, ईट मटेरियल रखने पर 3 हजार रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। इसी प्रकार प्लास्टिक प्रतिबंधित करने शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा प्रतिदिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जॉच कर साफ



सफाई रखने, प्लास्टिक के उपयोग व विक्रय पर प्रतिबंध किये जाने समझाईस देने के अलावा कार्यवाही भी की जा रही है। कार्यवाही की कडी में आज गंज चौक व नंदई चौक में दबिस देकर गंज चौक के बजाज प्लास्टिक से 5 सौ रूपये, जुर्माना वसूल 5 सौ ग्राम पालिथीन जप्त किये। इसी प्रकार आर.के. ट्रेडर्स से 5 सौ रूपये तथा नंदई चौक के भारत किराना स्टोर्स से 5 सौ रूपये, गणेश किराना स्टोर्स व मालू किराना स्टोर्स से 3-3 सौ रूपये, बाला जी किराना स्टोर्स व राधेश्याम किराना स्टोर्स से 2-2 सौ रूपये के अलावा झग्गू साहू गन्ना रस,दशरथ साहू, नरेन्द्र देवांगन व छोटेलाल साहू फल दुकान से 1-1 सौ रूपये जुर्माना वसूल कुल 2 हजार 9 सौ रूपये जुर्माना वसूले और सभी से लगभग 2 किलो झिल्ली पन्नी, प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास की जप्ती की गयी।

## छत्तीसगढ़ सरकार का बजट कर्मचारियों के साथ छलावा

**डोंगरगढ़ ,5 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ का दूसरा बजट में राज्य सरकार ने कर्मचारियों को मार्च से महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ाने का झुनझुना पकड़ाया , क्योंकि महंगाई भत्ता देय तिथि से व केन्द्र सरकार के समान देने की गारंटी थी इसलिए



इस फैसले ने कर्मचारी वर्ग को खुश होने के बजाय नाराज कर दिया खासकर शिक्षक वर्ग को। सहायक शिक्षकों की अगुवाई करने वाले सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने बजट में उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिये जाने पर तीखी नाराजगी जाहिर की है। सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू व मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने कहा है कि सरकार ने उनकी उम्मीदों को चकनाचूर कर दिया। मोदी की गारंटी के तहत वेतन विसंगति को दूर करने का जो वादा किया गया था, वो दूसरी बजट में भी पूरा नहीं किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने कहा कि वेतन विसंगति के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से लेकर वित्त मंत्री तक का आश्वासन मिला था। सभी मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा करने का भरोसा दिलाया था, लेकिन आज एक भी गारंटी पर घोषणा नहीं कर कर 4 लाख कर्मचारियों को निराशा के सागर में धकेल दिए हैं । फेडरेशन की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ,जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू , प्रदेश पदाधिकारी मिलन साहू, मंजू देवांगन,जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, जिला संयोजक ओमप्रकाश साहू, ललित प्रताप सिंह,राजेश देवांगन, सोनेश्री पाटिल, बंदीश नेमपांडे, अमीन कुरैशी, हीरा लाल मौर्य,भरत साहू, रोशन लाल साहू, कीरत गणवीर,प्यारेलाल लाल साहू, केशव विश्वकर्मा,खिलावन ठाकुर,खिलावन निर्मलकर, दीपक तिवारी, पूरन कोठारी, ओगेश्वर प्रसाद साहू, जितेन्द्र डहाट, रितु राज साहू , डालेश्वर देवांगन, देवेन्द्र कुमार खोबरागड़े,मोमन साहू, लक्ष्मी देवांगन , प्रीतीबाला लाटिया, प्रभा श्रीवास्तव, मीनाक्षी हेमने,चुनिका सिन्हा , जय प्रकाश सिन्हा, दिलीप सिन्हा, हरिचंद वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने बजट पर रोष जताया है।

कोई भी सरकार अपना बजट पेश करती है तो वह बताती है कि उसकी प्राथमिकता क्या है।वह एक साल में किस क्षेत्र में क्या नया करने वाली है, पुरानी योजनाएं क्या क्या जारी रहेंगी, उसकी नई योजनाएं क्या है, किस क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित करने के लिए योजनाएं लाई गई हैं।किस क्षेत्र में वह सबसे ज्यादा ध्यान देने वाली है किस क्षेत्र को बजट में सबसे ज्यादा पैसा दिया गया है, किस वर्ग को क्या क्या दिया गया है। बजट से वर्तमान में क्या फायदा होगा और भविष्य में क्या फायदा होगा। हर सरकार बजट के लिए सभी को कुछ न कुछ देकर खुश करने का प्रयास करती है, साय सरकार ने भी अपने दूसरे 1.65 लाख करोड़ के बजट में सभी लोगों को कुछ न कुछ देकर खुश करने का प्रयास किया है। जो क्षेत्र जिस सुविधा या सेवा से वंचित है, उनको वह सुविधा और सेवा देने का प्रयास किया गया है। पीएम मोदी का परम लक्ष्य है, विकसित भारत, विकसित राज्यों से ही बनेगा इसलिए छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए, जो कुछ भी किया जा सकता है किया गया है। साय सरकार के पहले बजट में ज्ञान पर जोर था, उसके दूसरे बजट में गति पर जोर दिया गया है।यानी गुड गवर्नेंस,एक्सलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर,टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर खास जोर दिया गया है। पिछले बजट में विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप समावेशी विकास की राह तैयार की गई थी। साय सरकार का पूरा फोकस ज्ञान यानी गरीब,युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति पर था। ज्ञान के आधार पर सरकार ने एक साल काम किया तो इसके अच्छे नतीजे सामने आए हैं। अब राज्य को तेज विकास की जरूरत है, इसलिए इस बजट में गति पर जोर दिया है यानी हर क्षेत्र में विकास की तेज गति की ओर ध्यान दिया जाएगा। गति की ओर ध्यान देने का मतलब यह है कि सरकार सुशासन को और कैसे तेज किया जा सकता है,बुनियादी ढांचे को कैसे और तेजी से मजबूत किया जा सकता है।नई तकनीक का प्रयोग कर तेजी से हर क्षेत्र में कैसे विकास किया जा सकता है।इसी के साथ औद्योगिक विकास को कैसे तेज किया जा सकता है, इस ओर ध्यान देना है। हर राजनीतिक दल की सरकार राज्य के समग्र विकास का सपना देखती है, उसके पूरा करने के लिए साकार करने के लिए नई योजनाएं बनाती है,इस बजट में सरकार ने राज्य के विकास के लिए 10 नई योजनाएं लेकर आई हैं।यह योजनाएं हैं-मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना,सीएम बायपास,रिंगरोड योजना,मुख्यमंत्री मोबाइल टावर योजना,छात्र स्टार्टअपनवाचार क्रियान्वयन योजना,मुख्यमंत्री परिवहन योजना,सियान केयर योजना,पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना,अटल सिंचाई योजना,मुख्यमंत्री गृहप्रवेश सम्मान योजना,मुख्यमंत्री गवर्नेस फेलोशिप योजना।साय सरकार ने वर्ष 2025 को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाएगी इसलिए इस

## संपादकीय

वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाएगी और राज्य के विकास के लिए हर क्षेत्र में ढेर सारे निर्माण कार्य करेगी। किसी राज्य को विकसित राज्य बनाने के लिए राज्य की अधोसंरचना का मजबूत होना जरूरी होता है इसलिए इस बजट मे राज्य की अधोसंरचना को मजबूत करने की योजना बनाई गई है, इसके लिए हर तरह की सेवा व सुविधा के लिए काम किया जाएगा।

### बजट में सभी को कुछ न कुछ देने का प्रयास किया


विकास के लिए रेल लाइन व सड़कों पुल,पुलिया,मेट्रो, मजबूत संचार नेटवर्क,औद्योगिक पार्क,हवाई अड्डे, नए स्कूल,कालेज,अस्पताल आदि की जरूरत होती है, बजट में इस ओर खास ध्यान दिया गया है। इसके लिए बजट में ज्यादा पैसा दिया गया है। इस बार के बजट में सबसे ज्यादा पैसा पर्यटन एवं उद्योग विभाग को 1420 करोड़ रुपए दिया गया है, यह पिछले बजट से 119 प्रतिशत ज्यादा है, इसके बाद खेल व युवा कल्याण के लिए 168 करोड़ रुपए दिया गया है, यह पिछले बजट से 100 प्रतिशत ज्यादा है।इसके अलावा सभी विभागों को पिछले बजट की तुलना मे ज्यादा पैसा दिया गया है।जो 19 से लेकर 47 प्रतिशत तक ज्यादा है। महिला एवं बाल विकास के लिए भी ज्यादा बजट दिया गया है ताकि महिलाओं को सशक्त और आगे बढ़ने का ज्यादा मौका मिले। महतारी वंदन योजना का बजट बढ़ाया गया है, इससे राज्य में इस योजना से और महिलाओ को फायदा होगा। विपक्ष इस बात के लिए सरकार की आलोचना कर रहा था कि पात्र महिलाओं के नाम पर महिलाओं के नाम महतारी वंदन योजना से काटा जा रहा है, इससे योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं की संख्या कम होती जा रही है। कांग्रेस का आरोप रहा है कि महतारी वंदन योजना का लाभ सभी महिलाओं को नहीं दिया जा रहा है, इसलिए इस योजना में राशि बढ़ाई गई है ताकि और ज्यादा महिलाओं को इस योजना का लाभ देकर उनको सशक्त बनाया जा सके।भाजपा की जीत में महिलाओं की भूमिका भी अहम रही थी इसलिए भाजपा ने महिलाओं को सशक्त बनाने व आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं बनाई है, उन योजनाओं का जरिए महिलाएं सशक्त हो रही है, और आगे बढ़ रही हैं। राज्य की राजनीति में किसानों की भी अहम भूमिका होती है इसलिए बजट में किसानों की ओर भी खास ध्यान दिया गया है। इस बजट में कृषक उन्नति योजना के तहत 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत 600 रुपए,फसल बीमा योजना के लिए 750 करोड़,किसानों को फ्री बिजली योजना केलिए 3500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।इससे किसानों को लाभ होगा,उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी तो राज्य की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। इस बार महिला व किसान के साथ ही औद्योगिक विकास की गति तेज करने के लिए बजट में खास ख्याल रखा गया है। इसके लिए उद्योग विभाग का बजट तीन गुना कर दिया गया है। व्यापार सुधार कार्ययोजना के तहत एकल खिड़की प्रणाली का कार्यान्वयन होगा,सीएसआईडीसी में व्यवसाय प्रबंधन साफ्टवेयर का उपयोग किया जाएगा, इंवेस्ट छत्तीसगढ़ के तहत राज्य में निवेशकों को बुलाया जाएगा।रोजगारपरक औद्योगिक नीति लाई जाएगी।राज्य के विकास में युवाओं की भी अहम भूमिका होती है इसलिए राज्य में युवाओं के लिए राज्य छात्रवृत्ति योजना के लिए 150 रोड़ रखे गए हैं।उनके लिए पुस्तकालय, कौशल विकास योजना, स्टार्टअप आदि खोलने के लिए पर्याप्त बजट रखा गया है। शिक्षा के लिए एजुकेशन सिटी के साथ ही केंद्रीय पुस्तकालय,राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,फिजियोथेरेपी कालेज,नर्सिंग कालेज खोलने की व्यवस्था में बजट मे की गई है। इसी तरह स्वास्थ्य,परिवहन, सड़क, खेलकूद,धार्मक आयोजन आदि के लिए सरकार ने बजट प्रावधान किया है।

राजनीति | निर्मल रानी

# कांशी राम की विरासत और मायावती की तर्ज-ए-सियासत



1980 के दशक में बसपा प्रमुख कांशी राम पूरे देश में घूम घूम कर भारतीय समाज को 85 : 15 का जनसँख्या अनुपात समझाते थे और यह बताते थे कि 15 प्रतिशत कथित उच्च जाति के लोग शेष 85 प्रतिशत जातियों व समुदायों के लोगों पर राज कर रहे हैं। और तभी यह नारा प्रचलित हुआ था - वोट हमारा,राज तुम्हारा - नहीं चलेगा,नहीं चलेगा। जैसे जैसे कांशी राम के नेतृत्व में यह बहुजन आंदोलन आगे बढ़ता गया वैसे वैसे मनुवाद तथा सनातन व्यवस्था में उल्लिखित वर्ण व्यवस्था पर इनका आक्रमण और तेज होता गया। यहाँ तक कि 'तिलक,तराजू और तलवार जैसा 'अभद्र नारा भी उन्हीं दिनों में खूब प्रचलित हुआ। यही वह आंदोलन था जिसमें दलित पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुड़ते चले गये। यानी कांग्रेस का परम्परागत वोट बैंक धीरे धीरे खिसकना शुरू हो गया। इसी बीच कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी नामक एक नये राजनैतिक दल की स्थापना कर दी। उसी दौरान कांशी राम की भेंट मायावती से हुई जोकि उस समय वकालत व बी एड करने के बाद दिल्ली इंद्रपुरी स्थित जेजे कॉलोनी में एक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं और साथ ही सिविल सर्विसेज परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थीं। तभी कांशी राम ने मायावती के तेज तर्रार व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कहा था कि - ₹मैं तुम्हें एक दिन इतना बड़ा नेता बना सकता हूं कि एक नहीं बल्कि आईएएस अधिकारियों की पूरी क़तार तुम्हारे आदेशों का पालन करने के लिए लाइन में खड़ी हो जाएगी।₹ तभी से वे कांशी राम के सहयोगी के रूप में उनके साथ प्रायः देखी जाने लगीं तथा उनके 'क्रन्तिकारी ' व उत्तेजक भाषण भी लोगों को प्रभावित करने लगे। कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफी विवाद भी खड़ा किया गया। परन्तु तेज तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रुपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं। यही वजह थी कि बौद्ध धर्म के अनुसार हुये कांशीराम के अंतिम संस्कार में उनके परिजनों ने नहीं बल्कि स्वयं मायावती ने ही उनकी चिता को अग्नि दी। अब पार्टी में उन्हें 'बहन जी ' के नाम से बुलाया जाने लगा। कांशीराम के नेतृत्व में ही बीएसपी ने 1999 के संसदीय चुनावों में 14 संसदीय सीटें जीतीं थीं। मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का भी सौभाग्य हासिल है। परन्तु यह कहना ग़लत नहीं होगा कि जिस बसपा को कांशीराम ने एक मिशन के रूप में स्थापित किया था और कांशी राम के जिस मिशन से बड़े सामाजिक परिवर्तन की आहट महसूस हो रही थी, पार्टी पर मायावती का वर्चस्व होने के बाद वही मिशन,वही पार्टी अब सत्ता,वैभव,आत्ममुग्धता और परिवारवाद का शिकार होती नजर आने लगी। यहाँ तक कि केवल सत्ता हासिल करने के लिये बुनियादी विचारों से भी समझौता करने लगीं। जिस 'मनुवादी ' व्यवस्था के विरुद्ध बसपा का जन्म हुआ था, 2007 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में उसी ब्रह्मण समुदाय के



समर्थन की जरुरत महसूस हुई तो तिलक,तराजू और तलवार जैसा नारा भी बदल गया। 2007 में बहुजन समाज पार्टी, सर्वजन समाज की बातें करने लगी। और यह नया नारा लगा - हाथी नहीं, गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश है। उस समय उत्तर प्रदेश में 37 प्रतिशत ब्राह्मणों ने पार्टी को वोट दिया था। परन्तु चार बार देश के सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद अन्य सत्ताधीशों की ही तरह मायावती भी अहंकार के साथ साथ परिवारवाद का भी शिकार होती चली गयीं। कभी अपने को जिंदा देवी बतातीं तो कभी अपने भाई व भतीजे के मोह में डूबती नजर आतीं। कभी अपनी हार का ठीकरा मुसलमानों पर फोड़तीं तो कभी उनपर पार्टी का टिकट बांटने में लोगों से करोड़ों रूपये वसूलने का आरोप लगा। हद तो यह कि अपने जीवनकाल में ही मायावती ने बाबा साहब आंबेडकर व कांशी राम के साथ ही अपनी भी प्रतिमायें लगवा डालीं। जिसतरह कांशी राम को अपने परिवार से अलग उत्तराधिकारी के रूप में मायावती नजर आयी थीं उस तरह मायावती को परिवार से बाहर अपनी पार्टी का कोई योग्य नेता नजर ही नहीं आया। और आखिरकार मायावती के इन्हीं स्वार्थपूर्ण फैसलों के चलते उनकी पार्टी का जनाधार घटता चला गया। पिछले लोकसभा चुनावों से पूर्व जब इण्डिया गठबंधन वजूद में आया तो मायावती उस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनीं। उसी समय यह अंदाजा लगाया जाने लगा था कि मायावती भाजपा के प्रति नरम रुख अपना रही हैं। इसके पीछे के कारणों से भी अनेक राजनैतिक विश्लेषक बखूबी वाक़िफ हैं। पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान राहुल गांधी ने मायावती पर बीजेपी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट रूप से यह कह दिया था कि यदि बीएसपी 'इंडिया' गठबंधन में होती तो पिछले वर्ष हुये लोकसभा चुनावों में एनडीए की जीत नहीं होती। इस आरोप से तिलमिला कर मायावती ने कांग्रेस को ही बीजेपी की 'बी' टीम बता डाला। जबकि देश देख रहा है कि इस समय देश में सत्ता,भाजपा व संघ के विरुद्ध जितना राहुल गाँधी मुखर हैं उतना कोई नहीं जबकि मायावती के रवैये से तो पता ही नहीं चलता की वे विपक्ष में हैं या सत्ता के साथ ? सच तो यह है कि मायावती के नेतृत्व में बसपा का न केवल समाज में प्रभाव कम होता जा रहा है बल्कि संगठन भी बिखराव के दौर से गुजर रहा है। पिछले दिनों जिसतरह उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी मुख्य पदों से हटा दिया और दो दिन बाद ही उन्हें पार्टी से निष्कासित भी कर दिया उससे भी यही सन्देश गया कि मायावती को अपने परिवार के बाहर भी कोई उत्तराधिकारी नजर नहीं आया और जिस भतीजे को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाया भी उससे भी जल्द ही पीछा छुड़ा लिया ? इस तरह के ढुलमुल फैसलों का प्रभाव निश्चित रूप से पार्टी पर जरूर पड़ेगा। सच तो यही है कि कांशी राम की विरासत के रूप में मिले व्यापक जनाधार वाले राजनैतिक दल को मायावती की तर्ज-ए-सियासत के चलते काफी नुक़सान हुआ है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। संतान के स्वास्थ्य में गिरावट आने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको किसी से किए हुए वादे को भी पूरा करना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है। आपको बिना सोचे समझे किसी योजना में धन लगाने से बचना होगा। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको आर्थिक मामलों में किसी योजना पर भरोसा नहीं करना है। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। कुछ नया करने की कोशिश आपकी रंग लाएगी। रोजगार के तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों के प्रयास बेहतर रहेंगे। आपको अपने सहयोगियों से कोई बात सोच समझकर कहनी होगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको तरक्की करते देखा आपको विरोधी परेशान रहेंगे। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। माता जी की सेहत में यदि गिरावट आ गई थी, वह भी दूर होगी। कार्यक्षेत्र में आपको किसी काम के लिए पुरस्कार मिल सकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आप अपने मित्रों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

कर्क- आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आपका भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी अच्छी सलाह सभी के खूब काम आएगी। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाना नुकसान देगा। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। आपके घर किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। संतान पढ़ाई-लिखाई में अच्छा प्रदर्शन करेगी, जिससे उन्हें पुरस्कार भी मिलेंगे। नौकरी को लेकर आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपकी कोई गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आपको किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों में अच्छी सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को लेकर आप कहीं शॉपिंग आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं। आप दिखावे के चक्कर में अत्यधिक धन खर्च करेंगे, जिसके बाद में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने कामों पर पूरा फोकस करना होगा और अपने दिल की जगह दिमाग की सुने। पारिवारिक मामलों को आप हल्के में ना लें, नहीं तो इससे रिश्तों में दूरी आ सकती हैं। सेहत को लेकर आपको लापरवाही बिल्कुल नहीं बरतनी है। आपके ऊपर काम अधिक रहेगा, जिस कारण आपको भागदौड़ भी अधिक रहेगी। आप किसी नए वाहन की खरीदारी के बारे में सोच विचार कर सकते हैं।

वृश्चिक- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपका कोई नया प्रोजेक्ट शुरू हो सकता है। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कोई लेने थोड़ा सोच समझकर करना होगा। आप किसी मकान आदि की खरीदारी की आप योजना बना सकते हैं। परिवार में आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपका कोई मित्र आपसे कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने बढ़ते खर्चों पर लगाम लगाने की आवश्यकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में कामों में बदलाव होने से आपका मन खुश रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को ध्यान रखकर निपटना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। कारोबार में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। बिजनेस में आपको कोई बड़ा टेंडर मिल सकता है। विद्याथीयी की पढ़ाई लिखाई में आ रही समस्याएं उनके सीनियर की मदद से दूर होते देख रही हैं। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं। आपके घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन होने से परिजनों का आना जाना लगा रहेगा। आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपकी आय में वृद्धि होगी और आपका मान सम्मान बढ़ाने से आपको खुशी होगी। सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे लोग थोड़ा सोच समझकर आगे बढ़ें, तो बेहतर रहने वाला है। कोई निर्णय आप जल्दबाजी में ना लें। आपको किसी से कहासुनी होने की संभावना है। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपने अनुभवों का लाभ मिलेगा और व्यवसाय में आप नवीनता ला सके, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। संतान किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकती है, जिसमें उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। परोपकार के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। जीवनसाथी को अपने करियर में अच्छी सफलता मिलेगी, उन्हें किसी सरकारी नौकरी की भी प्राप्ति हो सकती है।

खेल

## भारतीय टीम का शानदार और जानदार प्रदर्शन

सुनील कुमार महला



हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत ने फाइनल में जगह बना ली है, यह बहुत ही काबिले-तारीफ है।भारत की इस शानदार जीत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं ने बधाई दी है। गौरतलब है कि श्री शाह ने टीम के कौशल और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की, जबकि अन्य नेताओं ने टीम के प्रदर्शन को सराहा और फाइनल के लिए शुभकामनाएं दीं। भारतीय क्रिकेट टीम के इस दमदार प्रदर्शन के साथ रोहित शर्मा आईसीसी के सभी टूर्नामेंट्स के फाइनल में टीम को पहुंचाने वाले पहले कप्तान बन गए। उन्होंने कप्तानी के मामले में दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी को भी पीछे छोड़ दिया। इसके लिए भारतीय टीम विशेष बधाई और साधुवाद की पात्र है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत वर्ष 2007 टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन बना। इसके बाद वर्ष 2011 वनडे वर्ल्ड कप जीता तथा वर्ष 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब भी जीता। इसके अलावा, वर्ष 2014 टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। यहां यह उल्लेखनीय है कि बतौर कप्तान धोनी ने आईसीसी टूर्नामेंट के सात सालों में चार फाइनल मैच खेले हैं। धोनी और रोहित के अलावा रिकी पोंटिंग आईसीसी टूर्नामेंट के 4 फाइनल खेलने वाले कप्तान हैं। 2003 और 2007 वनडे वर्ल्ड कप के अलावा 2006 और 2009 चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को चैंपियन बनाया।पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि मंगलवार, 4 मार्च को दुबई में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली है और अब फाइनल में भारत का सामना 5 मार्च को न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा। गौरतलब है कि 21 महीने के दौरान 4 आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम 21 मैच खेली है और वह सिर्फ 2 मैच हारी है। यह भारतीय टीम का बहुत ही शानदार और जानदार प्रदर्शन है। गौरतलब है कि ये दोनों ही मैच फाइनल थे और विरोधी टीम भी ऑस्ट्रेलिया ही थी। वैसे तो सभी भारतीय खिलाड़ियों ने मैच में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन मोहम्मद शमी, विराट कोहली,श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या और केएल राहुल की मैच जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कहना चाहूंगा कि कि अब सभी की निगाहें अब 5 मार्च को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल पर टिकी हैं, जहां न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका की टीमें आपस में भिड़ेंगी। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत अब पूरी तैयारी के साथ फाइनल जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगा। भारत की जीत से ये भी कंफर्म हो गया कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल दुबई में खेला जाएगा।भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल में चेज मास्टर विराट कोहली की 84 रन की बेहतरीन पारी के दम पर मंगलवार (4 मार्च) को ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने 21 महीने में लगातार चौथे आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम भले ही अबतक 1 बार चैंपियन बनी हो, लेकिन उसका प्रदर्शन किसी चैंपियन टीम से कम नहीं रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में जून 2024 में अजेय रहते हुए भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप का खिताब भी जीता था। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय टीम का चैंपियंस ट्रॉफी में काफी दमदार प्रदर्शन रहा है। इतना शानदार कि भारत अब तक नौ में से पांच संस्करणों के फाइनल में पहुंच चुका है। कितनी बड़ी बात है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले में तीसरी बार हराया है। इससे पहले वर्ष 1998 और वर्ष 2000 में क्वार्टर फाइनल में हराया था। कहना चाहूंगा कि आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में भारत ने पिछले 14 साल में शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2011 में वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद वर्ष 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। वर्ष 2015 वर्ल्ड कप में हम सेमीफाइनल में पहुंचे। इतना ही नहीं, वर्ष 2017 चैंपियंस ट्रॉफी में हम उपविजेता रहे तथा वर्ष 2019 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल में पहुंचे और वर्ष 2023 विश्व कप में उपविजेता रहे। अंत में, यही कहूंगा कि हाल फिलहाल तो भारत ने 16 महीने पहले वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में और 14 साल से आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया से मिली हर हार का बदला चुकता कर लिया है।

## 3,823 किलोमीटर की सबसे तेज ईवी ड्राइव का रिकॉर्ड बनाया

भारत की सबसे बड़ी 4-व्हीलर ईवी निर्माता और भारत के ईवी विकास की अग्रणी कंपनी TATA.ev ने आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक की सबसे तेज ईवी ड्राइव का कीतिर्मान बनाया है। यह दूरी केवल 76 घंटे और 35 मिनट में तय की गई। इसका नेतृत्व भारत की अपनी एसयूवी कूप, उ४१५५.ी५ ने किया। इससे पहले लंबी दूरी की सबसे तेज ड्राइव का कीतिर्मान टाटा की ही नेक्सन ईवी मैक्स के नाम था और यह नया कीतिर्मान पुराने रिकॉर्ड से करीब 19 घंटे कम है। भारत की लंबाई में सबसे तेज 3,800 किलोमीटर की दूरी तय करने के अलावा Curvv.ev ने सफलतापूर्वक 20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए हैं। इस उल्लेखनीय यात्रा को पूरा करते हुए Curvv.ev को केवल 16 चार्जिंग स्टॉप लगे, जिससे चार्ज होने का औसत समय 28 घंटे से घटकर 17 घंटे हो गया। यह न केवल बैटरी तकनीक में प्रगति को दिखाता है, बल्कि भारत के व्यापक पब्लिक चार्जिंग नेटवर्क को भी प्रदर्शित करता है। इनमें से अधिकांश अब राजमार्गों पर तेज चार्जिंग गति का समर्थन कर रहे हैं। जम्मू और कश्मीर के माननीय मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला के श्रीनगर में औपचारिक हरी झंडी दिखाने के बाद Curvv.ev ने 25 फरवरी, 2025 को सुबह 4:00 बजे अपनी यात्रा शुरू की।

धर्म

# मानव सभ्यता के इतिहास में सबसे विराट जनसमागम बना प्रयागराज महाकुंभ

मनोज कुमार अग्रवाल



यह सिर्फ इस सदी का नही मानव सभ्यता के इतिहास में पहली बार इतना बड़ा तादाद में जनसमागम का अद्भुत विराट भव्य आलौकिक आयोजन था। यदि कुछ आवागमन की असुविधा और भगदड़ में कुछ निर्दोष लोगों की मौत के दर्द को कुछ पल के लिए अलग कर विचारा जाए तो प्रयागराज महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा विराट आयोजन रहा। तमाम सुविधा असुविधा के बीच 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक लोगों ने प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगाई। देश और विदेश में सनातन धर्म में विश्वास रखने वाले लोगों के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी त्रिवेणी में स्नान किया। 144 वर्ष बाद आया यह महाकुंभ विश्व के सबसे बड़े धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन के रूप में इतिहास के स्वर्ण पन्नों पर हमेशा के लिए अपना स्थान बनाने में सफल रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी भावनाओं को सांझा करते हुए लिखा है 'जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। पीएम मोदी ने लिखा कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है। पीएम मोदी ने महाकुंभ के भव्य आयोजन को आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए एक नए अध्ययन का विषय बताया। उन्होंने लिखा, पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े.. और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।' महाकुंभसंपूर्ण मानवता का महामिलन है। यह भारतीय सनातन की अद्भुत विविधता, उसकी सांस्कृतिक समृद्धि और आध्यात्मिक गांभीर्य का जीवंत उदाहरण है। महाकुंभ हिंदू आस्था, हिंदू अस्मिता और हिंदू आत्मगौरव का संकेत है। यह हिंदू समाज की संरचना से उपजे जातीय विभाजन को लांघने की शुरुआत है। यह विविधता में एकता के कथ्य को रेखांकित करता है। यह हिंदू समाज में बढ़ते विखंडन पर विराम की बानगी है। महाकुंभ के सफल आयोजन में देश-विदेश से पधारे असंख्य श्रद्धालुओं, अखाड़ों, महामंडलेश्वरों, संत-महात्माओं और आमजन ने जिस अनुशासन का परिचय दिया, वह दुर्लभ है। भले ही लोगों को महाकुंभ पहुंचने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन महाकुंभपरिसर में पहुंच कर लोगों को एक अलौकिक अनुभूति हुई। इस सफल आयोजन के कुछ संकेत हैं। एक, भारत में देशाटन और वैश्विक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं जिस को भारत के मौजूदा सत्ताधारियों ने समझा है। सम्पूर्ण पृथ्वी पर भारत ही ऐसा देश है जहां इस तरह के अद्भुत आयोजन संभव है। केवल भारत नहीं, सपूर्ण विश्व समुदाय के लिए यह' न भूतो वाली स्थिति है, न भविष्यति।' इसलिए नहीं कह सकते कि एक बार जब देश और नेतृत्व अपनी प्रकृति को पहचान कर आयोजन करता है तो वह एक मानक बन जाता है और आगे ऐसे आयोजनों को और श्रेष्ठ करने की प्रवृत्ति स्थापित होती है। यह मानना होगा कि 144 वर्ष बाद पौष पूर्णिमा पर बुधआदित्य योग जिसे, महायोग युक्त कह रहे हैं, उस महाकुंभ का श्री गणेश उसकी आध्यात्मिक दिव्यता के अनुरूप करने की संपूर्ण कोशिश केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की। भारत और चीन को छोड़कर त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने वालों की संख्या अमेरिका, रूस और यूरोपीय देशों समेत सभी की आबादी से अधिक है। महाकुंभ को लेकर न्यूयॉर्क में भारत के वाणिज्य झावास ने गत सोमवार को एक विशेष चर्चा का आयोजन किया था, जिसका शीर्षक था 'इनसाइट्स फ्राम द वर्ल्डस लार्जेस्ट स्प्रिचुअल गैदरिंग-महाकुंभ'। आयोजन में हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में जार्ज पाउलो लेमैन के प्राध्यापक तरुण खन्ना, हार्वर्ड डिवाइनिटी स्कूल में तुलनात्मक धर्म एवं भारतीय अध्ययन की प्रोफेसर डायना ईक और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की सहायक प्रोफेसर टियोना जुजुल शामिल थीं। प्रोफेसरों ने 2013 में कुंभ मेले में बिताए समय के दौरान किए गए शोध से अपने अनुभव साझा किए और इस वर्ष की तीर्थयात्रा के दौरान आध्यात्मिकता और इंजीनियरिंग से लेकर प्रशासन एवं परंपरा, प्रौद्योगिकी व अर्थशास्त्र के मेल तक विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। खन्ना ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से एक शोधार्थी के रूप में परंपरा एवं प्रौद्योगिकी के इस मेल से मोहित हूं कि समाज कैसे विकसित हो रहा है। हम कुछ मूल्यों को अपने पास रखते हैं, यह एक परंपरा है जो हमारे साथ बनी रहती है लेकिन साथ में इसमें प्रौद्योगिकी की परतें जुड़ती जाती हैं। खन्ना ने कहा कि कुंभमेला एक 'मनमोहक जगह है', जहां प्रौद्योगिकी और धर्म का संगम दिखता है। उन्होंने यह भी बताया कि 2025 कुंभ को 'स्वच्छ कुंभ' कहा जाता है, जहां इतनी भीड़ के बावजूद अविश्वसनीय रूप से सफाई पर ध्यान दिया गया। खन्ना ने इस साल महाकुंभ में 'खोया पाया' सेवाओं के डिजिटलीकरण की भी सराहना की और इसे बेहद दिलचस्प बताया क्योंकि यह परंपरा और प्रौद्योगिकी के मेल के विचार का अच्छा उदाहरण है। ईक ने अपनी प्रस्तुति में कहा कि कुंभ मेला एक महान तीर्थयात्रा है। उन्होंने कहा कि यह हमें कहीं ज्यादा चकित करता है। यह सिर्फ आश्चर्यजनक तथ्य है कि यह शहर इतने कम समय में बनाया गया है और इंजीनियरिंग टीम, बिजली सबस्टेशनों, एक शहरी वातावरण, स्वास्थ्य सेवाओं और छोटे व्यवसायों के निर्माण सहित ऐसी तमाम चीजों की पूरी श्रृंखला है जो पूरी तरह से इससे जुड़ी हुई हैं। महाकुंभ अपनी स्वच्छता को लेकर भी चर्चा में रहा जिसमें स्वच्छता कमियों की अहम भूमिका रही। महाकुंभ मेले में स्वच्छता प्रभारी डा. आनंद सिंह अनुसार पूरे मेले में 15,000 स्वच्छताकर्मी चौबीसों घंटे ड्यूटी पर तैनात रहे। कई पालियों में उन्होंने साफ-सफाई की जिम्मेदारी बखूबी निभाई और मेले में शौचालयों और घाटों को पूरी तरह से साफ रखा। सभी ने उनके कार्यों की सराहना की। महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या को हुई भगदड़ की घटना से इसकी छवि थोड़ी धूमिल हुई, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था पर इस घटना का कोई खास असर नहीं पड़ा और लोगों का आगमन अनवरत जारी रहा। भगदड़ में 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी। महाकुंभमेले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों, फिल्मी सितारों और खेल जगत, उद्योग जगत की हस्तियों तक ने संगम में डुबकी लगाई और प्रदेश सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस महाकुंभ में नदियों के संगम के साथ ही प्राचीनता और आधुनिकता का भी संगम देखने को मिला जिसमें एआई से युक्त कैमरों, एंटी ड्रोन जैसी कई अत्याधुनिक प्रणालियों का उपयोग किया गया और मेला पुलिस को इन प्रणालियों का प्रशिक्षण दिया गया। इस मेले के लिए एक नया जिला-महाकुंभनगर अधिसूचित किया गया और मेला संचालन के लिए जिला मैजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस और प्रशासन की नियुक्ति की गई। यह प्रदेश का 76वां अस्थायी जिला बना। महाकुंभमेले में सभी 13 अखाड़ों ने 3 प्रमुख पर्वों मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर अमृत स्नान किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 37,000 पुलिसकर्मी, 14,000 होमगार्ड के जवान तैनात रहे। इसके अलावा, 3 जल पुलिस थाने, 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम और 50 'वॉच टॉवर' स्थापित किए गए थे।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद अपने भाव प्रकट करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा था 'महाकुंभ श्रद्धा और विश्वास का विशाल समागम तथा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत और जीवंत प्रतीक है।' सनातन का गर्व महाकुंभ पर्व सनातन धर्म में आस्था रखने वाली की एकता का भी प्रतीक है। सनातन धर्म के विरोधियों द्वारा सनातन को लेकर विशेषतया जाति-पाति को लेकर जो भी आरोप लगाये जाते हैं, वह सभी सनातन प्रेमियों ने प्रयागराज के संगम पर खारिज कर दिए हैं। सभी श्रद्धालुओं ने एक संगम पर स्नान किया। सनातन संस्कृति व धर्म में आस्था रखने वालों ने जो एकता दिखाई है वह अतीत को वतर्मान के साथ जोड़ते हुए एक उज्ज्वल भविष्य का भी प्रतीक है। प्रयागराज , काशी विश्वनाथ-अयोध्या के साथ-साथ चित्रकूट में सनातन प्रेमी जितनी बड़ी संख्या में उमड़े उसको देखकर कहा जा सकता है कि सनातन समाज आध्यात्मिक के साथ-साथ राजनीतिक अंगड़ाई भी ले रहा है।

एक नजर

## गवर्नेंस नाउ-11 वें पीएसयू अवार्ड्स में एनएमडीसी का शानदार प्रदर्शन



**हैदराबाद, 5 मार्च ।** एनएमडीसी, भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक और जिम्मेदार खनिक नई दिल्ली में आयोजित गवर्नेंस नाउ 11 वें पीएसयू अवार्ड्स में पाँच प्रतिष्ठित पुरस्कारों के साथ अपने उद्योग नेतृत्व को जारी रखे हुए है । एनएमडीसी ने पाँच श्रेणियों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से उल्लेखनीय जीत हासिल की है । पीएसयू लीडरशीप अवॉर्ड श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) को प्रदान किया गया, श्रीमती प्रियदर्शिनी, निदेशक (कार्मिक) को सीएसआर के लिए और श्री पी. जयप्रकाश, महाप्रबंधक (नैगम संचार) को कम्यूनिकेशन लीडरशीप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया । कंपनी को सीएसआर- पर्यावरण और सुस्थिरता तथा परिचालन उत्कृष्टता में नवाचार के अवॉर्ड भी प्राप्त हुए । यह पुरस्कार एनएमडीसी के नवाचार और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं तथा उद्योग में उसकी अग्रणी स्थिति को मजबूत करते हैं । पुरस्कार सम्मानित गणमान्य विभूतियों श्री सतीश चंद्र दुबे, राज्य मंत्री, कोयला मंत्रालय और खान मंत्रालय, तथा श्री सत्य पाल सिंह, पूर्व राज्य मंत्री मानव संसाधन विकास और जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए । एनएमडीसी की ओर से श्री पी. जय प्रकाश (महाप्रबंधक, नैगम संचार) और श्री श्रीनिवास राव (उप महाप्रबंधक, नैगम संचार) ने पुरस्कार प्राप्त किए ।एनएमडीसी के सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा, ÷एनएमडीसी नवाचार, स्थिरता और उत्तरदायित्वपूर्ण विकास के साथ खनन में निरंतर नए मानक स्थापित कर रहा है । ये पुरस्कार नेतृत्व और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं । उद्योग में एक अग्रणी के रूप में, हम आत्मनिर्भर और प्रगतिशील भारत का निर्माण करने के लिए समर्पित हैं । छह दशकों से अधिक समय से उद्योग का नेतृत्व कर रहे एनएमडीसी ने परिचालन और कॉर्पोरेट प्रशासन में लगातार उच्च मानदंड स्थापित किए हैं । इसकी सीएसआर पहलों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मजबूत स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता, बुनियादी ढांचे और कौशल विकास के साथ छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के परिदृश्य को बदल दिया है । स्थिरता पर निरंतर ध्यान देने और नवीनतम प्रौद्योगिकी प्रगति का लाभ उठाने के साथ, एनएमडीसी उद्योग में परिवर्तन और राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ा रहा है ।

## कलेक्टर ने किया बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**महासमुंद 5 मार्च ।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने आज सुबह छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अंतर्गत आयोजित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन किया। उन्होंने सेजेस पटेवा एवं झलप परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों में प्रश्न पत्रों की गोपनीयता, बैठक व्यवस्था, ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की जानकारी लेते हुए परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मोहन राव सावंत एवं सहायक संचालक श्री नंद कुमार सिन्हा मौजूद थे।इस दौरान कलेक्टर ने परीक्षा में नकल रोकने संबंधी निर्देश दिए उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों को निर्देश दिए कि वे नकल को रोकने के लिए आवश्यक अनुशासनात्मक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने मेहनत और अपने आत्मविश्वास के बल पर लगन और धैर्य के साथ परीक्षा में पूछे गए सवालों का जवाब दें। अनावश्यक दबाव में न आएं। साथ ही, छात्रों के लिए एक शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण सुनिश्चित करने की बात कही। श्री लंगेह ने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक संसाधन जैसे कि पानी, बैठने की व्यवस्था, और मेडिकल किट उपलब्ध हो। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए निर्देश दिए।कलेक्टर ने छात्रों से अपील की कि वे परीक्षा में धैर्य और पूरी तरह से अपनी तैयारी के साथ परीक्षा दें। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की प्रेरणा दी और उनकी मेहनत के प्रति सकारात्मकता बनाए रखने को कहा।

# कलश स्थापना के साथ हुई फागुन मंडई की शुरुआत





- दंतेश्वरी मंदिर से निकाली गई मांईजी की छत्र व लाठ
- मेंडका डोबरा मैदान स्थित देवी स्थल में हुई कलश स्थापना
- आज दूसरे पहर निकलेगी मांईजी की पहली डोली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 5 मार्च।** दंतेवाड़ा की ऐतिहासिक फागुन मंडई की शुरूआत आज कलश स्थापना के साथ ही हो गई । परंपरानुसार आज संध्या पहर माईजी की पहली पालकी निकाली जाएगी। बड़ा मेला 12 मार्च दिन बुधवार को भरेगा। वहीं मंडई का समापन 15 मार्च को देवी देवताओं की विदाई कार्यक्रम के साथ होगा। आज से मेला में शामिल होने विभिन्न ग्रामों से देवी देवताओं के छत्र व लाठ के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है।दक्षिण बस्तर की ऐतिहासिक फागुन मंडई की बहुरंगी छठा बिखरनी आज से शुरू हो गई है। कलश स्थापना रस्म अदायगी के लिए आज सुबह माई दंतेश्वरी मंदिर में पुजारी और सेवादार मंदिर परिसर में भक्तिभाव से जूटे रहे। परंपरागत ढंग से मां दंतेश्वरी की छत्र व लाठ को आज सुबह पूजा अर्चना पश्चात 10 बजे मंदिर के पुजारी परमेश्वर नाथ जिया, सेवादार व 12 लंकवार की उपस्थित में मंदिर से निकाली गई। छत्र व छड़ी को मंदिर के प्रवेश द्वार पर 5 पुलिस के जवानों द्वारा तीन राउण्ड हर्षफायर कर सलामी दी गई। जिसके बाद माइजी की छत्र को मेंडका डोबरा स्थित मावली माता देवी स्थल पर लाया गया जहां पुनः जवानों द्वारा हर्ष फायर कर मां दंतेश्वरी देवी की छत्र व लाठ को सलामी दी गई। तदोपरांत पुजारी परमेश्वरनाथ जिया द्वारा माईजी की छत्र व छड़ी को देवी मंदिर के अंदर पहुंचाया गया जहां विधिवत पूजा अर्चना कर कलश प्रज्वलित किया गया। कलश स्थापना के साथ ही दस दिनों तक चलने वाला दक्षिण बस्तर का प्रसिद्ध फागुन मंडई की शुरूआत आज से हो गई । परंपरागत ढंग से आज शाम आमंत्रित देवी देवताओं के साथ मां दंतेश्वरी मंदिर से बाजा मोहरी की गूंज के बीच व सेवादारों द्वारा जयघोष के साथ मांईजी की पहली डोली निकाली जाएगी। डोली मंदिर से निकलकर परिक्रमा करते हुए नगर के ऐतिहासिक दंतेश्वरी सरोवर के किनारे स्थित नारायण मंदिर पहुंचेगी जहां परंपरानुसार डोली को जवानों द्वारा हर्ष फायर कर सलामी दी जाएगी। जिसके उपरांत डोली की पूजा अर्चना होगी। तत्पश्चात डोली को पूरे विधिविधान के साथ वापस मंदिर में लाकर रखा जाएगा फागुन मंडई के आज पहले दिन ताडफलंगा धोनी रस्म की अदायगी होगी। आदिवासियों की आस्था, परंपरा और श्रद्धा से जुड़ा यह ऐतिहासिक पर्व आज से दस दिनों तक चलेगा। हर दिन शाम को डोली निकाली जाएगी और आखेट परंपरा का निवर्हन किया जाएगा। कलश स्थापना पूजा के दौरान, मंदिर के पुजारी , सेवादार, मांझी, चालकी, कतियार, तुडपा, समरथ, पटवारी नतून नाग, मंदिर समिति के कई सदस्यगण, समेत सेवादार व गांवों से आए ग्रामीण भी मौजूद थे।

## जानकी कोरसा निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष चुनी गईं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 5 मार्च। जिला पंचायत बीजापुर के आज हुए अध्यक्ष के चुनावदी में पामेड क्षेत्र से जीती भाजपा समर्थित उम्मीदवार जानकी कोरसा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुई है अपनी जीत के साथ ही जानकी कोरसा ने पूर्व मंत्री महेश गागडा से आशीर्वाद लिया इस जीत से पार्टी कार्यकर्तो मे खुशी की लहर दौड़ गई है तथा बधाई दी जा रही है तथा एक.दूसरे का मुंह मीठा किया जा रहा है यहाँ बतादे जिला पंचायत में भाजपा सात-सीट जीत कर बहुमत में है अपनी जीत के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए जानकी कोरसा ने कहा कि हमारे क्षेत्र में काफी समस्या है खासकर लोगों के पास जमीन का पट्टा नहीं है राशन कार्ड नहीं है ये काम मे प्राथमिक से करूंगी और जिला विकास मे जो भी मेरी भूमिका रहेगी उसे मे अवश्य पूरी करूंगी।

## बजट में कर्मचारियों का ध्यान नहीं रखा सरकार ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,5 मार्च ।** दोनों संगठनों के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने बताया है किछग के इस बजट प्रदेश के शिक्षकों और कर्मचारियों को बड़ी निराशा हुई है,क्योंकि उनके लिए मार्च 2025 से 3त्न मंहगाई भत्ते के अतिरिक्त कोई घोषणा नही की गई, बजट से लाभान्वित होने वालों में उनका कोई स्थान नही है, जबकि प्रदेश के शिक्षको व कर्मचारियों ने विष्णुदेव सरकार से बड़ी आस लगा रखी थी जिनमे प्रमुख रूप से संविलियन प्राप्त शिक्षको की पुरानी सेवा गणना,



क्रमोन्नति, देय तिथि से मंहगाई भत्ता व उसका एरियर्स, वेतन विसंगति दूर करने, कैशलेस चिकित्सा, पूर्ण पेंशन प्रदान करने जैसी महत्वपूर्ण मांगे रही,जिन पर इस बजट में कोई निर्णय नही लिया गया। छग शालेय शिक्षक संघ ने इसे शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए निराशाजनक बजट बताया है।शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा कि बजट समावेशी होना चाहिए था, कमर्चारी शासन की रीढ़ होते है, ऐसे में इस बजट में उनकी उपेक्षा करना बेमानी है,शिक्षकों और कर्मचारियों ने साय सरकार से बड़ी उम्मीदें लगा रखी थी किंतु छग बजट के प्रस्तुत होते ही, बजट में कर्मचारियों के लिए न कोई योजना, न कोई घोषणा की गई जिससे शिक्षक व कर्मचारी उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।शालेय शिक्षक संघ के महासचिव धर्मेश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी व प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा जिलाध्यक्ष प्रहलाद जैन ने कहा कि संविलियन प्राप्त शिक्षक अपनी बहुप्रतीक्षित मांग पुरानी सेवा गणना कर क्रमोन्नति, पूर्ण पेंशन, कैशलेश चिकित्सा, वेतन विसंगति दूर करने की बाट जोह रहे थे पर इस बजट में इन मांगों पर कोई ध्यान नही दिया गया है इसी तरह प्रदेश का हर कर्मचारी अपनी लंबित ष्ठ व उसके मंहगाई भत्ते को देय तिथि से केंद्र के बराबर किये जाने की प्रतीक्षा कर रहे थे उसमें भी सभी के हाथ निराशा लगी है। साय सरकार को सभी का ध्यान रखना चाहिए, बजट समावेशी होना चाहिए, पर कर्मचारियों को कुछ भी नही मिला।

## गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में करें भर्ती:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 5 मार्च।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की लंबित योजनाओं और प्रकरणों की समीक्षा की गई।बैठक में कलेक्टर श्री ध्रुव ने आगामी गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले के दूरस्थ अंदरूनी क्षेत्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, आश्रम-शालाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों में समुचित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, बिगड़े हुए हैंडपंपों को तत्काल सुधारने और पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गंभीर कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से पोषण एवं पुनर्वास केंद्र लेकर जाएँ जिससे ग़रीब बच्चों को शासन की योजना का लाभ मिल सके। कलेक्टर श्री ध्रुव ने अधिकारियों से कहा कि आचार संहिता समाप्त हो चुकी है, इसलिए शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं पर त्वरित गति से कार्य करें और हितग्राहियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण, संविदा भर्ती कार्य, आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य, बच्चों के आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए।एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषक पंजीयन शिविर के संबंध में कलेक्टर ने जानकारी ली और अधिक से अधिक किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त करने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने के निर्देश दिए।एग्रीस्टैक परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर किसानों का कृषक पंजीयन किया जा रहा है। उन्होंने स्कूलों, आश्रम शालाओं, स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनवाड़ी केन्द्रों में सम्बंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।बैठक में जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र ठाकुर सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## माओवाद प्रभावित क्षेत्र रायगुड़ा में लगा आधार पंजीयन शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 मार्च।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जिले के माओवाद प्रभावित अंदरूनी क्षेत्रों में आधार कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय सुकमा के रायगुड़ा सीआरपीएफ कैम्प में 27 फरवरी से 3 मार्च तक आधार शिविर आयोजित किया गया। सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के अंतर्गत माओवाद प्रभावित अंदरूनी गांवों में शिविर लगाकर ग्रामीणों के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। कुछ समय पहले तक जहां लोग जाने से डरते थे उन गांवों में अब प्रशासन ग्रामवासियों के लिए हर संभव मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि कोंटा विकासखंड के दूरस्थ अंदरूनी क्षेत्रों में आधार पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन ग्रामीणों के आधार कार्ड, नए जन्म प्रमाण पत्र और राशन कार्ड बनाये जा रहे हैं। इस जनकल्याणकारी पहल से लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और कुछ भटके हुए लोग समाज की मुख्य धारा में शामिल हो रहे हैं। शिविर के नोडल अधिकारी और नायब तहसीलदार श्री योपेंद्र पात्रे ने बताया कि शिविर के माध्यम से 252 ग्रामीणों का नवीन आधार कार्ड पंजीयन किया गया और 218 बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिए आदेश पत्र जारी किए गए। इसके साथ ही कुछ ग्रामीणों के राशन कार्ड संबंधी समस्या को देखते हुए 10 नवीन राशन कार्ड बनाने हेतु फोटो का सत्यापन किया गया।

## पीने के पानी की समस्या का समाधान पार्षद ने किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 5 मार्च।** शहर के अनेक वार्ड मे पीने के पानी की समस्या पिछले लंबे समय से बनी हुयी है,यह समस्या गर्मी आते तक और विकराल रूप ले लेती है। पीने के पानी की समस्या को सुलझाने के लिए नगर पंचायत गर्मी के दिन आने से पूर्व हर बार अनेक कोशिश करती है,इन कोशिशो मे नये बोर खनन,पुराने बिगडे हैंडपंप की मरम्मत के अलावा घर-घर नल जल का पानी पहुंचाना भी है,परंतु उसके बाद भी कुछ वार्ड ऐसे है जहा पिछले एक



दशक से पीने के पानी की समस्या से लोग अच्छे खासे परेशान हो रखे थे। वार्ड क्रमांक 4 मे भी पीने के पानी की समस्या विकराल रूप लेकर सालो से खडी थी,नगरीय निकाय चुनाव के वक्त जनप्रतिनिधियों ने काफी वादे किये थे,जिसका अब पूरा होने का समय आ गया। वार्ड क्रमांक 4 मे पार्षद पद पर निर्वाचित होने के बाद अजय बंसल ने इस वार्ड के एक मौहल्ले मे पीने का पानी की समस्या का तत्काल निराकरण कर दिया है,जिसके बाद अब वार्डवासी पीने के पानी की समस्या से निजात पा चुके है। दरअसल वार्ड क्रमांक 4 के एक मौहल्ले मे लंबे समय से पीने के पानी की समस्या बनी हुयी है,सकरी सडक होने के कारण यहा बोर खनन एवं अन्य संसाधन जुटाने मे काफी दिक्कतो का सामना करना पड रहा था,नगरीय निकाय चुनाव के दौरान वार्डवासीयों ने पीने के पानी की समस्या को उम्मीदवारो के सामने प्रमुखता से रखा था। अजय बंसल ने वार्डवासीयों को भरोसा दिलाया था कि पानी की समस्या दूर करना अपने कार्य की प्रथम पंक्ति मे रखेंगे। उन्होने इस दिशा मे कदम उठाते हुये नयी पाईपलाईन का विस्तार कराकर मौहल्ले के हर घर तक पानी पहुंचने की व्यवस्था सुचारू कर दी है। दरअसल अजय बंसल की छबि वार्ड मे एक निष्ठावान पार्षद के रूप मे हमेंशा से बनी हुयी है,वे वार्डक्रमांक 4 के पार्षद बनने से पूर्व वार्ड क्रमांक 10 मे दो बार चुनाव जीतकर दस सालो तक वार्डवासियों को अपनी सेवा दिये है,जिस पर इस बार वार्ड क्रमांक 4 के लोगो ने भरोसा जताकर भारी मतो से विजयी बनाया था।।

## सामाजिक सरोकार से जुड़े मुदद‌े पर अग्रवाल सभा की हुई बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 5 मार्च।**अग्रवाल समाज अब अग्रोहा धाम की नींव स्थापित करने की रूपरेखा पर काम करना शुरू कर दिये है। सामाजिक सरोकार से जुडे इस मुददे को लेकर दिन मंगलवार की देर शाम अग्रसेन भवन मे अग्रवाल समाज की एक बैठक आयोजित की गयी थी,जिसमे अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल,सचिव अनिल मित्तल,सरंक्षक मुरारीलाल अग्रवाल,अंजनी अग्रवाल, र ा म अ व त ा र अग्रवाल,विजयअग्रवाल,विनोद अग्रवाल, रगोविंद अग्रवाल, रामनिवास जिंदल,खजांची जिंदल,किशन अग्रवाल,अरूण गोयल,अजय बंसल, मनमोहन गोयल,जितेन्द्र अग्रवाल के अलावा एक दर्जन से भी अधिक अग्रवाल समाज के पदाधिकारी मौजुद थे। भगवान अग्रसेन को याद करते हुये बैठक की शुरूवात की गयी,जिसमे सर्वप्रथम अग्रवाल समाज द्वारा स्थापित सोशल मीडिया के ग्रुप मे समाज से हटकर किसी तरह की भी टिका टिप्पणी या अन्य प्रकार की सामग्री ना डालने पर निर्णय लिया गया। उसके अलावा समाज द्वारा सर्वहित मे अग्रोहा धाम की स्थापना करने पर विचार रखे गये। अग्रवाल सभा के सचिव अनिल मित्तल ने बताया कि पिछले कई सालो से अग्रवाल समाज द्वारा अपने कुलपुरूष भगवान अग्रसेन जी के नाम पर भव्य अग्रोहा धाम का निर्माण करने की रूपरेखा पर विचार कर रहे है,परंतु अब तक जमीन का अभाव रहने के कारण इसे मूर्त रूप नही दिया जा सका है। अब अग्रवाल समाज द्वारा जमीन की तलाश तेज कर दी गयी है। पिछले कुछ महिने पहले अग्रवाल सभा के पदाधिकारीयों ने विधायक गोमती साय को भी ज्ञापन सौंपकर अग्रोहा धाम के लिए जमीन की मांग की थी। अग्रवाल सभा के सचिव अनिल मित्तल ने बताया कि जल्द ही अग्रोहा धाम के लिए जमीन आबंटित कराकर उसकी स्थापना की रूपरेखा तैयार की जा रही है,उन्होने बताया कि 14 मार्च को होलिका उत्सव पर अग्रवाल सभा द्वारा होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि पहले यह समारोह होली फाग के दूसरे दिन आयोजित किया जाता था,परंतु इस बार बैठक मे उपस्थित लोगो ने इस आयोजन को होलिका फाग के दिन ही रखने पर सहमति बनायी है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

**महासमुंद 5 मार्च ।** उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मंशानुरूप आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी दिनांक 8 मार्च 2024 दिन शनिवार को जिला एवं समस्त तालुका स्थित न्यायालयों में किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के सचिव श्री दामोदर प्रसाद चन्द्रा ने विज्ञप्ति में बताया कि आगामी आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के तैयारियों के संबंध में माननीय जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष श्रीमती अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय के वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में विभागों के अधिकारियों की बैंठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर निर्विरोध निर्वाचित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 5 मार्च।** गरियाबंद जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा ने कब्जा जमा लिया जिला अध्यक्ष के लिए गौरीशंकर कश्यप एवं उपाध्यक्ष पद हेतु लालिमा सिंह ठाकुर निर्विरोध निर्वाचित हुए पिता सिंह अधिकारी अपर कलेक्टर अरविंद पांडे ने उन्हें प्रमाण पत्र सोपा इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक रोहित साहू पूर्व सांसद चंदूलाल साहू जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर गप्पू भाई मेमन के साथ ही सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

युवा कवि गौरी शंकर कश्यप गरियाबंद जिले के तीसरे जिला पंचायत अध्यक्ष बनाए गए संख्या कम होने के चलते कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार ही नहीं खड़ा किया जिसके चलते अध्यक्ष पद पर गौरी शंकर कश्यप और उपाध्यक्ष पद पर लालिमा ठाकुर निर्विरोध निर्वाचित




हुए लालिमा ठाकुर के पति पारस ठाकुर भी इसके पहले जिला पंचायत उपाध्यक्ष रह चुके हैं आज विधायक रोहित साहू तथा चुनाव प्रभारी सुरेंद्र पाटनी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के साथ जब गौरी शंकर कश्यप जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने किसी मंदिर की तरह झुक कर चौखट को दंडवत प्रणाम करते हुए जिला पंचायत कार्यालय में प्रवेश किया। जिला पंचायत कार्यालय के बाहर सुबह से ही माहौल चुनावी था धीरे-धीरे भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटने लगी और अंदर जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित होने की खबरें जैसे बाहर आई भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करना प्रारंभ कर दिया। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में गौरी शंकर कश्यप और लालिमा ठाकुर ने नामांकन दाखिल किया अन्य कोई और नामांकन दाखिल नहीं होने के चलते नियत समय के बाद पीठासीन अधिकारी अपर कलेक्टर अरविंद पांडे ने दोनों को निर्विरोध अध्यक्ष और उपाध्यक्ष घोषित किया इसके बाद विधायक रोहित साहू की उपस्थिति में दोनों को प्रमाण पत्र सौंप गए इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने मीडिया से कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को जनता और गरीबों पिछड़ों तक पहुंचाना और पिछड़े इलाकों की समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता होगा उन्होंने कहा कि भाजपा में छोटे कार्यकर्ता को भी बड़ा पद मिल सकता है यह आज सिद्ध हो गया वही लालिमा ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र क्रमांक 6 की जनता ने उन पर विश्वास जताया था अब उपाध्यक्ष बनाकर पूरे जिला पंचायत क्षेत्र के लोगों के लिए कुछ करने का अवसर मिला है लोगों की उम्मीद पर खरा उतरूंगी। वही इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है अब गरियाबंद जिले के विकास में बाधा नहीं रहेगी मोदी जी और विष्णु देव साय की सरकारों से गरियाबंद जिले के विकास के लिए बजट की कमी नहीं होगी छोटे बड़े सभी तरह के कार्य कराए जाएंगे।

एक नजर

## धान परिवहन में बिना निविदा मंगाए दर बढ़ाकर किया जा रहा भ्रष्टाचार: विनोद

**महासमुंद,5 मार्च।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ है। धान खरीदी से लेकर परिवहन तक यह सरकार अधिनस्थों के माध्यम से भ्रष्टाचार करने में आमादा है। समर्थन मूल्य खरीदे गए धान का परिवहन भी सरकारी संरक्षण में भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया है। सरकार के एजेंट के रूप में उच्चाधिकारियों द्वारा कुछ परिवहनकर्ताओं से मिलीभगत कर बिना निविदा बुलाए परिवहन दर दुगुने से भी अधिक बढ़ा कर करोड़ों का हेराफेरी किया जा रहा है। महासमुंद जिला सहित पूरे प्रदेश में यही खेल चल रहा है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि धान परिवहन में उच्चाधिकारियों द्वारा आर्थिक लाभ लेने भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सोसायटी से धान संग्रहण केंद्र तक लाने हेतु परिवहन निविदा मंगाई गई थी। जिस पर परिवहनकर्ताओं ने हिस्सा लिया। अनेक जिलों में 55त्न से 60त्न दर आई जिस पर कार्य निरंतर चल रहा था। लेकिन, महासमुंद जिले में कुछ परिवहनकर्ताओं को लाभ पहुंचाने तथा स्वयं आर्थिक लाभ उठाने की नियत से अधिकारियों द्वारा उक्त दर को बिना निविदा बुलाए लगभग डबल 112त्न कर दिया गया। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि अधिकारी और कुछ परिवहनकर्ताओं द्वारा मिलीभगत कर शासन को करोड़ों का चुनाव लगाया जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि परिवहन में पारदर्शिता लाने यदि नियम के तहत निविदा मंगाई जाए तो तथा युनियन के माध्यम से परिवहन कार्य कराए तो करोड़ों का भ्रष्टाचार रोका जा सकता है। लेकिन, सत्ता के संरक्षण में ऊपर से नीचे तक के अधिकारी इस भ्रष्टाचार में लिप्त है। इसका खामियाजा वैधानिक रूप से धान परिवहन करने वाले ट्रक ऑनर सहित ट्रक लोडिंग-अन लोडिंग कार्य में लगे मजदूरों को भी भुगतना पड़ रहा है। मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। धान संग्रहण केंद्रों में इकरारनामा कराकर कार्य कराया जा रहा है। जिससे मजदूरों का ईपीएफ ईएसआई जमा नहीं हो रहे हैं। मजदूरों के भविष्य निधि की राशि की भी हेराफेरी अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को कलेक्टर ने राज्य स्तरीय क्रीड़ा के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**महासमुंद, 10 मार्च ।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत समावेशी शिक्षा योजना के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 5 एवं 6 मार्च 2025 को स्व. बी. आर. यादव खेल परिसर, बहतराई, सीपत रोड, बिलासपुर में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में महासमुंद जिले से 18 विशेष आवश्यकता वाले छात्र-छात्राएं भाग लेने के लिए रवाना हुए।जिला कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा श्री विनय कुमार लंगेह ने बच्चों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।इस कार्यक्रम में महासमुंद जिले के विभिन्न विकासखंडों से बच्चे भाग ले रहे हैं, जिनमें विकासखंड महासमुंद से 11 छात्र-छात्राएं - शुभम, सौम्या जगत, खुबचंद, आरती, माधुरी, रघुवीर, पायल पटेल, कुश कुमार, मयंक, बादल और द्रोपती शामिल हैं।

वहीं, बसना से 03 बच्चे - अंकिता, रौनक और मोनिका तथा सरायपाली से 04 छात्र-छात्राएं - खुशाली पटेल, रायबरी यादव और आकाश बरिहा इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों में अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित एवं बौद्धिक निशक्त बच्चे शामिल हैं।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.आर. सावंत, जिला मिशन समन्वयक श्री रेखराज शर्मा, समग्र शिक्षा के श्री डी.एन. जांगड़े, एपीसी श्रीमती संपा बोस, विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा रामता मंन्नाडे, पालकगण एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 10 मार्च को

**रायगढ़, 5 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में खनिज विभाग की जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी।

# बीजापुर जिले के चार जनपद पंचायतों में से उसूर भोपालपटनम और भैरमगढ़ में भाजपा का कब्जा

## केवल बीजापुर जनपद पंचायत कांग्रेस के खाते में



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 5 मार्च।** बीजापुर जिले के चार जनपद पंचायतो में आज संपन्न हुई. अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनाव में तीन जनपद पंचायत में भाजपा समर्थित अध्यक्षो ने जीत दर्ज की है वही केवल एक जनपद पंचायत में कांग्रेस ने कब्जा किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल पटनम में भाजपा से अध्यक्ष श्रीमती सरिता कुडेम तो उपाध्यक्ष नीलम गनपत बने है इसी प्रकार उसूर जनपद पंचायत मे भाजपा से ही पूर्डिमा तेलम अध्यक्ष तो उपाध्यक्ष पद पर तिरूपति पुनेम काबिज हुये है भैरमगढ़ मे अध्यक्ष दसरी कोरसा तो उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र कुमार लेकाम चुने गए है इस तरह भाजपा



ने तीन जनपद पंचायत मे कब्जा कर लिया है केवल बीजापुर जनपद पंचायत मे कांग्रेस ने कब्जा किया है जिसमें सोनू पोटाम अध्यक्ष तो दिनेश पुजारी उपाध्यक्ष बने है







## नक्सली लीडर का स्वागत है,सफेदपोश अर्बन नक्सलियों की जांच कर पुलिस करे खुलासा:महेश



**बीजापुर, 5 मार्च।** बीजापुर गंगालूर एरिया कमेटी के दिनेश मोडियम के आत्मसमर्पण को लेकर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा है कि जिस तरीके से दिनेश के नक्सली नेता रहते वक्त जो हत्यायें हुई है जिससे कितने परिवार उजड़ा गये है इसे नही भुलाया जा सकता।आत्मसमर्पण का हम स्वागत करते हैं परंतु जो सैकड़ो हत्या दिनेश के द्वारा किया गया है उसका खुलासा होना चाहिए वहीं गागड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुलिस से माँग की है, हत्यायें जो हुई है वह किन परिस्थिति में हुआ है,चूंकि बहुत से सफेदपोश अर्बन नक्सली इनके संपर्क में रहकर कई कृत्यों को अंजाम दिए हैं,इसलिए पुलिस से मांग है तमाम विषयों पर उचित पूछताछ करते हुए उन हत्याओं का खुलासा होना चाहिए। आगे गागड़ा ने कहा कि जिस तरीके से हमारी विष्णुदेव की सरकार नक्सलियों को मुख्यधारा से जुड़ने के लिए नक्सली उन्मूलन अभियान चला रही है, ताकि नक्सली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करे व लोकतंत्र के भागीदारी बने।

## कलेक्टर ने दिव्यांगों को ट्रायसाइकिल प्रदान कर किया प्रोत्साहित



**बीजापुर,5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने बीजापुर के 03 दिव्यांगजन हितग्राही जिनकी दिव्यांगता 80 प्रतिशत से अधिक है। जिनमें से चेकलाल साहू, ग्राम दुगोली, श्रीमती शिरोमनी बघेल राउत पारा बीजापुर एवं सुश्री सुन्दरी अवलम ग्राम गदामली को मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशक्तजनों को आवश्यक सहायक उपकरण प्रदाय करने की योजना अंतर्गत यह ट्रायसायकल दिव्यांगजनों को दिया गया जिससे दिव्यांगजनों को अपने दैनिक क्रियाकलापों में सुगमता होगी, साथ ही इन्हें अपने रोजमर्रा के जीवन व्यापन में जिन कठिनाईयों का सामना करना पडता था उससे निजात मिलेगी। सहायक उपकरण प्राप्त करने के पश्चात तीनों हितग्राहियों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिला और ट्रायसायकल पाकर शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही जिले के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा का विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, उप निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल, उप संचालक समाज कल्याण श्री कमलेश कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, रेडक्रास समन्वयक नर्वेद सिंह एवं समाज कल्याण के कर्मचारी उपस्थित रहें।

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा की



**बीजापुर,5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित समस्त विकास कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए विकास कार्यो में तेजी लाने सहित नियद नेल्लानार क्षेत्रों में सर्वे एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं शहरी आवास प्लस, आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों सहित मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभाग द्वारा समय-सीमा में निराकरण करने, कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों सहित जन शिकायत के आवेदनों का निराकरण तीव्रतापूर्वक करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक सहित आवश्यक दस्तावेजों को विभागीय समन्वय के साथ मिशन मोड में पूरा करते हुए पात्र हितग्राहियों को शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ दिलाना सुनिश्चित करने को कहा। मार्च माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के आहरण संवितरण अधिकारियों को उनके पेंशन प्रकरण गंभीरतापूर्वक बनाने के निर्देश दिए गए ताकि सेवानिवृत्ति के दिवस ही पेंशन प्रमाण पत्र प्रदाय किया जा सके।

## सवारी को लेकर टैक्सी चालक और बस संचालकों के बीच हुआ विवाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 5 मार्च।** मंगलवार की शाम. नये बस स्टैंड मे टैक्सी चालक और बस चालको के बीच सवारी को लेकर वाद विवाद कि स्थिति बनी इसी बात से नाराज बस चालको ने अपनी बसे लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और अपनी शिकायत अधिकारियों के समझ रखी तहसीलदार टीआई और यातायात प्रभारी ने मामले को सुलझाने का प्रयास किया और कहा कि बस चालको को आशवस्त किया कि जल्द ही टैक्सी चालकों के.लिए अलग स्टैंड की व्यवस्था की जायेगी

यहाँ बतादे बीजापुर बस स्टैंड अब अंतराजयी बस स्टैंड हो चुका है यहां से प्रति दिन अनेक बस तेलंगाना आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र के आसरली सिरोंचा के लिए रवाना होती है सवारी को लेकर प्रायः टैक्सी चालक और बस चालको के बीच कहा सुनी होती रहती है इस स्थिति का समाधान यही है कि टैक्सी वाले के लिए अलग से स्टैंड की व्यवस्था किया जाये इससे सभी को राहत मिलेगी

## फॉर्मर रजिस्ट्री पोर्टल में किसानों के पंजीयन में लाएं तेजी:कलेक्टर

**रायगढ़, 5 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री पोर्टल में किसानों के पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों का शत-प्रतिशत अनिवार्य रूप से पंजीयन करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हल्का पटवारी के पास किसानों की जानकारी उपलब्ध है, कृषि विभाग संबंधित पटवारियों से समन्वय कर कार्य में प्रगति लाए। इस दौरान एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा की।कलेक्टर श्री गोयल ने नगरीय क्षेत्रों में पेयजल आवर्धन योजना के तहत खरसिया, किरोड़ीमल नगर, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ के सीएमओ से पेयजल के संबध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही उन्होंने निगम आयुक्त श्री क्षत्रिय को पेयजल एवं कचरा उठाव के संबंध में सीएमओ की बैठक लेने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रयास विद्यालय, स्वामी आत्मानंद कॉलेज, संगीत महाविद्यालय, चपले में कॉलेज, धान संग्रहण केंद्र हेतु जमीन चिन्हांकन करने एवं आबंटन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी कॉलेज के शिक्षण सत्र प्रारंभ नहीं होने पर नाराजगी जताई।कलेक्टर श्री गोयल ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन मत्स्य पालन विभाग के केसीसी प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में केसीसी के लंबित प्रकरणों की संख्या अधिक है। सभी अधिकारी बैंकों से समन्वय कर निराकृत करें। इस दौरान उन्होंने लीड बैंक एवं अपेक्स बैंक को निर्देशित किया कि केसीसी के निरस्त प्रकरणों पर कारण उल्लेखित करें, ताकि ज्ञात हो सके कि विभागों द्वारा कितने प्रकरण भेजे गए थे तथा कितने प्रकरण रिजेक्ट हुए इसके साथ ही इसकी जवाबदेही तय की जा सके।

## जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं



**रायगढ़, 5 मार्च।** जिला स्तरीय आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी मांग एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन किया। जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा, आवास निर्माण, आर्थिक सहायता राशि जैसे विभिन्न आवेदन भी प्राप्त हुए।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जनदर्शन में एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े ने लोगों की समस्याओं और शिकायतें सुनी और उनसे आवेदन प्राप्त किए। मौके पर अपर कलेक्टर श्री रवि राही सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

दीनदयाल कालोनी ढिमरापुर रायगढ़ की आरती साहू उज्जवला योजना के गैस कार्ड प्रदाय किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि उज्जवला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन तो प्राप्त हुआ है, लेकिन कार्ड अब तक अप्राप्त है। जिसकी वजह से गैस रिफिल कराने में बहुत परेशानी हो रही है। तहसील खरसिया के ग्राम छोटे मुड़पार निवासी श्री शंकर लाल पटेल मोटराईज्ड ट्राय सायकल प्रदाय किए जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वह बचपन से 80 प्रतिशत दिव्यांगता की श्रेणी में आते है। जिसकी वजह से हर समय किसी दूसरे का सहारा लेकर चलना पड़ता है। उन्होंने गांव में सरपंच एवं सचिव को भी इस संबंध में अवगत करा चुके है, लेकिन आज पर्यन्त कोई निराकरण नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि आज यहां मोटराईज्ड ट्राय सायकल मिल जाता तो वह दैनिक जीवन में बिना किसी के सहारे अपना काम स्वयं कर लेते। तहसील तमनार के ग्राम पंचायत जोबरो निवासी रामसिंह रोड चौड़ीकरण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि प्रदाय के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा रोड चौड़ीकरण के खातिर उनकी कृषि भूमि को भू-अर्जन किया गया था। भू-अर्जन के एवज में मुआवजा राशि प्रदाय किया जाना था लेकिन आज पर्यन्त तक मुआवजा राशि नहीं मिल पाया है। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम घरघोड़ा तथा संबंधित शासकीय कार्यालयों में जाकर मुआवजा राशि दिलाए जाने संबंधी मांग की लेकिन मुआवजा राशि नहीं मिल पाया है। विकासखण्ड तमनार के ग्राम-डोलेसरा निवासी फणेश्वर निषाद भूमि अधिग्रहण के एवज में नौकरी की मांग को लेकर जनदर्शन में आए थे। उन्होंने बताया कि उनकी निजी भूमि को एक कंपनी द्वारा अधिग्रहित किया गया है। लेकिन उसके एवज में आज तक परिवार के किसी भी सदस्य को नौकरी प्रदाय नहीं किया गया है और प्रबंधक द्वारा बार-बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का परीक्षण कर यथासंभव निराकरण के निर्देश दिए।

## वनों में आग लगाते पकड़े जाने पर भारतीय वन अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

**रायगढ़, 5 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में वनमण्डलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल द्वारा वन अग्नि घटना को रोकने हेतु वनक्षेत्रों में घटने वाली अग्नि घटनाओं की सूचना के लिए 24×7 टोल फ्री नम्बर 9302477261 जारी किया गया है। जिससे कि समय पर अग्नि घटनाओं के संबंध में जानकारी मिल सके एवं वनों को अग्नि से बचाया जा सकें। अग्नि सीजन में जंगल में आग लगने की घटनाएं घटित होती है, धरमजयगढ़ वनमण्डल घने जंगल से घिरा हुआ है। वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए वनोपज संग्रहण जीविकोपार्जन का प्रमुख साधन है। ग्रामीण वनोपज संग्रह के लिए पेड़ों के नीचे आग लगाते हैं। इसी तरह दावानल के कारण जंगल में आग लगने की घटनाएं घटित होती है।

वनमण्डाधिकारी धरमजयगढ़ ने जनसामान्य को सूचित करते हुए जंगलों को आग से बचाने हेतु जंगल के गुजरते समय बीड़ी, सिगरेट के जलते टुकड़े न फेकें। वनोपज संग्रहण के लिये पेड़ के नीचे आग न लगाएं। वन अग्नि का मुख्य कारण महुआ संग्रहण है, सीजन से पूर्व महुआ वृक्षों का चिन्हांकन कर लें, संग्रहण कर्ता की जानकारी रखें और विनाश विदोहन समझाइश दें। जंगल के भीतर आग लगाकर न छोड़ें। वनों के आसपास खेतों में आग न लगाएं। अग्नि घटनाएं हाथी को भगाने और परेशान करने या वन्य प्राणी के शिकार के उद्देश्य से भी लगायी जाती है, इस संबंध में ग्रामीणों को समझाएं, जन प्रतिनिधियों के साथ बैठकर मुनादी कराएं, असामाजिक तत्वों पर नजर रखें और कानूनी कार्यवाही करें।वनों को अग्नि से बचाव हेतु परिक्षेत्र अधिकारियों एवं उनके अधीनस्थ परिक्षेत्र सहायक एवं परिसर रक्षकों के साथ समिति सदस्यों को ग्रामीणों के बीच वनों की अग्नि से सुरक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार करने आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। जिससे वनों में घटित होने वाले अग्नि दुर्घटना को कम किया जा सकें। वनों की अग्नि सुरक्षा हेतु फायर वाचर नियुक्त किये गये हैं। जिन्हें मौके पर उपस्थित रहकर अग्नि घटना की नियमित जांच करने निर्देशित किया गया है। आग लगने के मामले को भारतीय वन अधिनियम 1972 व वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अपराध की श्रेणी में रखा गया है। यदि आग लगाते पकड़े जाने पर उक्त अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## विशेष अभियान चलाकर महिलाओं को बच्चों एवं महिलाओं के अधिकारों के प्रति किया जा रहा जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,5 मार्च** ।कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में बालिकाओ की शिक्षा स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण पर जागरूकता फैलाने हेतु जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पंचायत स्तर पर महिलाओं व स्व सहायता समूह एवं स्कूल के बच्चों को महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसाओं की जानकारी दिया जा रहा है इस अभियान में बीजादूतीर स्वयं सेवक द्वारा भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दिया जा रहा है कि ऐसा विवाह जिसमें वर 21 वर्ष से कम और वधु 18 वर्ष से कम अवस्यक हो तो उसे बाल विवाह माना जायेगा।

बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है जिसके कारण सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक हो सकते है। इन कारणों पर विचार विमर्श करके इस समस्या को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है और एक साकारात्मक वातावरण तैयार करना आवश्यक है। बच्चों से होने वाले दुर्व्यहार बालश्रम, सड़क पर रहने वाले बच्चों को लैगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम हेतु सजग रहने की जानकारी एवं बच्चों को नशे से दूर रखने की समझाइश दी जा रही है। इस दौरान सभी व्यक्तियों को चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, महिला हेल्पलाईन 181 के संबंध में जागरूक किया जा रहा है अभियान के दौरान साइबर क्राईम और एक युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत बच्चो को जागरूक किया जा रहा है नागरिको को बाल श्रम अधियिम की जानकारी देते हुए 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर कर उन्हें शिक्षा दिलाने की ओर अग्रसर करने को कहा गया, अगर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों, होटल एवं ढॉबों, घरेलू कामगार, ईंट भटटी, खपरैल निर्माण, घर निर्माण कार्य और गैरेज में काम करवाये जाने वाले लोगों पर बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अंतर्गत 06 माह से 03 वर्ष तक का कारावास या 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है, महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, महिलाओं का अनैतिक व्यापार की जानकारी दिया जा रहा है इस दौरान प्रचार-प्रसार श्री राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती शीला भारद्वाज जिला महिला संरक्षण अधिकारी, श्री नवीन मिश्रा संस्थागत देखरेख संरक्षण अधिकारी, श्री गणेश्वर झाडी गैर संस्थागत देखरेख संरक्षण अधिकारी, सुश्री आनंदमई मल्लिक विधिक सह परीविक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक सूची शुक्ला, केन्द्र प्रशासक श्रीमती सुनिता तामडी एवं श्री संदीप चिडेम, श्री राजकुमार निषाद सामाजिक कार्यकर्ता, श्री राजेश मडे आउटरीच वर्कर द्वारा किया जा रहा है।

## जिले में अब तक लगभग 100 क्विंटल चने की खरीदी

**धमतरी 5 मार्च ।** धमतरी जिले में समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी एक मार्च से की जा रही है। जिले में अब तक लगभग 100 क्विंटल चने की खरीदी समर्थन मूल्य पर किसानों से कर ली गई है। पांच हजार 650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से चना खरीदी के लिए जिले में 4 उपार्जन केन्द्र तरसींवा, लोहरसी, कातलबोड़ और रामपुर बनाए गए हैं। चना खरीदी के लिए अब तक 10 हजार 186 किसानों ने ऑनलाईन पोर्टल पर अपना पंजीयन करा लिया है।

जिले में लगभग साढ़े 15 हजार हेक्टेयर रकबे में इस वर्ष चने की खेती की गई है। इसमें से लगभग 11 हजार 171 हेक्टेयर रकबे की चने की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए पंजीयन कराया जा चुका है। आज जिला विपणन अधिकारी श्री सुनील सिंह और कृषि विभाग के अधिकारियों ने तरसींवा तथा रामपुर उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया और खरीदी में लगे कर्मचारियों को उपार्जन केन्द्र पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।

## राजनांदगांव व डोंगरगांव जनपद पर भाजपा ने किया कब्जा

**राजनांदगांव,5 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी ने आज जिले में संपन्न राजनांदगांव व डोंगरगांव के जनपद पंचायतों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोनो पदों पर क्लीन स्वीप करते हुये कांग्रेस को बुरी तरह मात दी। राजनांदगांव जनपद पंचायत में तो 20 वर्षों में पहली बार भाजपा ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के दोनों चुनावों पर जीत का परचम लहराया।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री सौरभ कोठारी ने एक प्रेस बयान में उक्ताशय की जानकारी मीडिया को देते हुये बताया कि आज जिले में दोनों जनपद पंचायतों के चुनाव में भाजपा को एकतरफा जीत मिली। विशेषकर राजनांदगांव जनपद पंचायत में पार्टी के निर्वाचित जनपद सदस्यों से कहीं ज्यादा वोट हासिल किया। दो दशक पश्चात् पार्टी ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के दोनो पदों पर जीत हासिल की, यह करिशमा 20 वर्षों में पहली बार हुआ। पार्टी की अधिकृत उम्मीदवार प्रतिमा पप्पू चन्द्राकर ने 19 वोट हासिल करके एकतरफा मुकाबले में कांग्रेस को शर्मनाक पराजय दी, इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद की प्रत्याशी अनिता डिगेन्द्र सिन्हा ने भी एकपक्षीय मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी को बुरी तरह मात दी। श्री कोठारी ने आगे कहा कि इसी तरह जनपद पंचायत डोंगरगांव के चुनाव में भी पार्टी ने दोनो पदों पर विजयश्री प्राप्त की, पार्टी के अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रंजीता पडौती ने कांग्रेस को शिकस्त देकर अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर भी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी मनीष कुमार साहू ने विजयश्री हासिल की । दोनो जनपदों में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता प्रारंभ से अंत तक मोर्चा संभाले रखे और विजयश्री प्राप्त करने पर शानदार खुशियॉ मनाई।

### भाटापारा शाखा नहर सहित विभिन्न सड़कों और पुल पुलियों के लिए क्षेत्रीय विधायक की मांग पर बजट में मिली स्वीकृति

# कई कार्यों के बजट में शामिल होने से क्षेत्र का विकास तेजी से होगा:इंद्र साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 5 मार्च।** क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव द्वारा बजट में विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृत हेतु विभाग के मंत्रियों के समक्ष किए गए मांग पत्र पर बजट में करोड़ो रुपयों की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें भाटापारा शाखा नहर का कार्य सहित विधान सभा क्षेत्र की अनेक सड़को का निर्माण और पुल पुलियों का निर्माण शामिल है।बजट में क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत करने पर विधायक इंद्र साव ने विभागीय मंत्रियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

क्षेत्र के सक्रिय विधायक इंद्र साव ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के हितों और उनकी मांगी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र 2025-26 में विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृत हेतु संबंधित विभाग के मंत्रियों के समक्ष मांग पत्र प्रस्तुत किया था। विधायक इंद्र साव द्वारा अनुशंसित निर्माण कार्यों के प्रस्ताव को स्वीकृति देते हेतु वितीय वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में शामिल किया गया है। इन कार्यों को बजट में शामिल हो जाने पर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों गति मिलेगी वही अन्य सुविधाएं भी प्राप्त होगी। उपरोक्त संबंध में विधायक कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार लोक निर्माण विभाग अंतर्गत बजट में शामिल एवं स्वीकृत निर्माण कार्य में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के कोलिहा से मोटियारीडीह मार्ग पर खोरसी नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य 3 करोड़ 24 लाख, देवरीडीह से कोलिहा मार्ग पर बंजारी नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य 6 करोड़ 48 लाख, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के भाटापारा मोपका-धनेली मार्ग लं. 20.00 किमी का मजबूतीकरण कार्य 10 करोड़, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के गुर्रा से जोगीद्वीप मार्ग लं. 2.00 किमी. का निर्माण कार्य 2 करोड़, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के करहीबाजार पुलिस चौकी से रामपुर (शिवनाथ नदी पुल तक) मार्ग लं. 4.50 किमी में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य 4 करोड़ .50लाख, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के भाटापारा मोपका-धनेली मार्ग लं. 19.20 किमी में भू-अर्जन कार्य हेतु 20 करोड़ 36 लाख, जल संसाधन विभाग अंतर्गत स्वीकृत कार्य - सिमगा वितरक नहर (आर.बी.सी.) नहर का शेष मिट्टी कार्य पक्के कार्यों एवं रिसेक्शनिंग व सी.सी. कार्य 25.00 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर की चक्रवाही वितरक का शेष रिमोडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य 200.00 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर की चक्रवाही वितरक नहर की अकलतरा माईनर की मोटियारीडीह सबमाईनर, नवागांव माईनर, भोथीडीह माईनर एवं चंदेरी माईनर का रिमोडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य 200 करोड़, सोंढूर परियोजनांतर्गत भाटापारा शाखा नहर के कि.मी. 55.00 से 70.00 का रिमोडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य 200 करोड़, सोंढूर परियोजनांतर्गत भाटापारा शाखा नहर के शेष पक्के कार्य एवं कि.मी. 00 से 85.715 तक सी.सी.



लाईनिंग कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत राजाढ़ार वितरक नहर के राजाढ़ार माईनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत अकोली वितरक नहर के लेवई माइनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, भाटापारा शाखा नहर के चक्रवाही वितरक नहर के अकलतरा माईनर के 06 नग मईनरों के भू-अर्जन सहित मिट्टी व पक्के निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर के गुजरा वितरक नहर की 03 नग माईनर एवं परसरदा वितरक नहर का लाईनिंग कार्य 15 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर के बेन्द्री एवं बांयी अंतिम छोर वितरक नहर का रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य 20 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत अकोली वितरक नहर के सिंगारपुर माईनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत अकोली वितरक नहर के कोनी माईनर से सेम्हराडीह उप माईनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर के कि.मी. 65.00 पर व्ही.आर.बी. व कि.मी. 69.00 पर डी.सी. का निर्माण कार्य, कि.मी. 70.00 पर स्केप व कि.मी. 83.200 पर डी.सी. व 83.400 पर व्ही.आर.बी. का निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत बेन्द्री वितरक नहर से अचानकपुर माईनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत बेन्द्री वितरक नहर के खैरी माईनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, सिमगा वितरक नहर के माईन क्र.02 के सबमाईनर क्र. 02, 03 एवं 04 के भू-अर्जन सहित मिट्टी व पक्के निर्माण कार्य 25 करोड़, भाटापारा शाखा नहर के चक्रवाही वितरक नहर के लिमतरा माईनर के 06 नग सबमाईनर के भू-अर्जन सहित मिट्टी व पक्के निर्माण कार्य 25 करोड़, भाटापारा शाखा नहर के चक्रवाही वितरक नहर के चौरेंगा एवं दरचुरा माईनर के भू-अर्जन सहित मिट्टी व पक्के निर्माण कार्य 25 करोड़, भाटापारा शाखा नहर के चक्रवाही वितरक नहर के चंदियापथरा माईनर भू-अर्जन सहित मिट्टी व पक्के निर्माण कार्य 25 करोड़, भाटापारा शाखा नहर के चक्रवाही वितरक नहर के टेल माईनर का भू-अर्जन सहित मिट्टी व पक्के निर्माण कार्य 25 करोड़, भाटापारा शाखा नहर के चक्रवाही वितरक नहर के चंदेरी माईनर के 03 नग सबमाईनर का भू-अर्जन सहित मिट्टी व पक्के निर्माण कार्य 25 करोड़, भाटापारा शाखा नहर के झिरिया वितरक नहर के 03 नग सबमाईनर का मिट्टी व पक्के निर्माण कार्य 25 करोड़, झिरिया जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य 10 करोड़, देवरीडीह जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य तथा सी.सी. लाईनिंग कार्य 40 करोड़, घुघुवा जलाशय का जीर्णोद्धार तथा सी.सी. लाईनिंग कार्य 40 करोड़ के कार्यों को बजट में शामिल करते हुए स्वीकृति प्रदान की गई।

बजट में क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए बजट में शामिल करने और स्वीकृति प्रदान करने के लिए विधायक इंद्र साब ने लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के प्रति आभार जताया है। वही अंचल की जनता ने क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहने वाले सक्रिय विधायक इंद्र साव को धन्यवाद दिया कि इतनी बड़ी धनराशि उनके सक्रियता के चलते विकास कार्यों के लिए स्वीकृति मिली है।

## एक नजर

### टिकेश्वर मनहरे बने जनपद अध्यक्ष



**तिल्दा-नेवरा, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद अध्यक्ष तिल्दा नेवरा का चुनाव कांटे टक्कर से हुए मन हरे एक मत से जीत गए कुल 25 सदस्य थे। शिव शंकर वर्मा को 12मत मिले तो टिकेश्वर मन हरे को 13 मत मिले।

### जन आकांक्षाओं के विपरीत, शब्दों का मायाजाल और बेहद निराशाजनक बजट : लेखराम साहू

**भखारा, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय



सरकार का दूसरा बजट वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पेश किया। वित्त मंत्री ने 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ का बजट पेश किया जो पिछले साल की तुलना में 12 प्रतिशत ज्यादा है। पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू ने राज्य सरकार के बजट को बेहद निराशाजनक करार दिया और उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं के विपरीत, शब्दों के मायाजाल का बजट, बेहद ही निराशाजनक बजट है इस बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं है महंगाई में भी कोई लगाम नहीं लगाई गई और ना ही बेरोजगारों के लिए कोई कार्ययोजना है। पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि भाजपा सरकार के बजट में कृषि, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, महंगाई, युवा, महिला, आम आदमी से छलावा मात्र है।

### संभागीय कार्यालय में मनाया गया लाइनमैन दिवस

**भाटापारा, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केन्द्रीय विधुत प्रधिकरण (CEA) द्वारा निर्बाध बिजली आपूर्ति में महत्वपुर्ण भुमिका निभाने वाले लाईनमेन के लिए 4 मार्च को लाईनमेन दिवस भाटापारा संभागीय कार्यालय मे मनाया गया। जिसमे भटापारा संभाग में कार्यरत सभी लाईन कर्मचारियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 लाईनमेन को प्रमाण पत्र/उपहार एवं सुरक्षा उपकरण (हेलमेट, बेल्ट एवं कटिंग प्लायर) प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लाईन कर्मचारियो को सुरक्षा उपकरणों के साथ लाईन के कार्य करने की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के दौरान विधुत सुरक्षा एवं सतर्कता पर कंपनी द्वारा जारी विडियो-क्लीप भी सभी लाईनमेनो को दिखाया गया। इस अवसर पर सभी लाईमेनो को भाटापारा संभाग के कार्यपालन अभियंता व्ही के राठिया, सहायक अभियंता सचिन्द्र सोनी एवं उपसंभाग भाटापारा के सहायक अभियंता अवेलसन खेस्स द्वारा लाईन कर्मचारियो को संबोधित कर लाईन के सुरक्षित कार्य करने हेतु जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का संचालन अनुभाग अधिकारी संजय बिहारी अग्रवाल द्वारा किया गया।

### हाई स्कूल प्रथम विषय की परीक्षा शांति से सम्पन्न, 16320 परीक्षार्थी हुए शामिल

**भाटापारा, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 का हिंदी विषय की परीक्षा 3 मार्च को शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। परीक्षा में 16320 उपस्थित एवं 565 परीक्षार्थी उनुपस्थित रहे। उड़नदस्ता दल के सदस्य जिला परियोजना अधिकारी साक्षर भारत सोमेश्वर राव, जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, एमडीव्ही बलौदाबाजार, पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शा कन्या उ.मा.वि.बलौदाबाजार, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम उत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार एवं पंडित चक्रपाणि शुक्ला स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदा बाजार परीक्षा केन्द्र में किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में 16320 उपस्थित, 565 परीक्षार्थी उनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सभी स्कूलों में किसी भी प्रकार की नकल प्रकरण नहीं पाया गया साथ ही बैठक, प्रकाश, पेयजल, व्यवस्था सुनियोजित पाया गया। परीक्षा शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गिरौदपुरी मेला में हुए शामिल

# गुरु गद्दी की पूजा कर लिया आशीर्वाद

- प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की
- गिरौदपुरी मेला की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने तथा मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थायी शेड निर्माण की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 5 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बाबा गुरु घासीदास की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में आयोजित गुरुदर्शन मेला में शामिल हुए। उन्होंने गुरु गद्दी का दर्शन एवं पूजा- अर्चना कर नमन किया और प्रदेशवासियों की खुशहाली और तरक्की के लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मेला समिति की मांग पर मेला की राशि 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख करने तथा साष्टांग प्रणाम करते हुए जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थाई शेड निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को बांटा प्रसाद - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर मुख्य मंदिर का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया। प्रसाद प्राप्त करने वालों में स्थानीय श्रद्धालु एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं शामिल थीं। तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेले का आज प्रथम दिन है। यह मेला 4 मार्च से प्रारंभ होकर 6 मार्च तक चलेगा।

इस अवसर पर धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, पुलिस महानि निरीक्षक अमरेश मिश्रा, कलेक्टर दीपक सोनी, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में राजमहन्त, संत और श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री का हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत

**बलौदाबाजार, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी हेलीकाप्टर से पहुंचे। उनके साथ धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल भी साथ थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीपैड पर पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, कलेक्टर दीपक सोनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, डीएफ्ओ मयंक अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।मुख्यमंत्री साय गिरौदपुरी मेला में शामिल होने पहुंचे थे।

## तीन नाबालिगों की शादी रुकवाकर परिजनों को दी समझाइश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 5 मार्च।** नाबालिग बच्चों की शादी कराए जाने क़ी सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शादी रुकवाई गई। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टी. जाटवर के मार्गदर्शन में एक संयुक्त टीम गठित कर जिला बाल संरक्षण इकाई, एकीकृत बाल विकास परियोजना पलारी और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे। टीम ने सिमगा विकासखंड के ग्राम आमाकोनी, भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम अकोली एवं गोंगिया में जाकर तीन नाबालिग बच्चों की शादी रुकवाई।

ग्राम आमाकोनी में 14 वर्ष 4 महिने की नाबालिक लड़की की शादी होने वाला था जिसे जिसे समय रहते रोका गया। अकोली गांव में 15 वर्ष 9 महिने की नाबालिग लड़की की शादी हो रही थी, जिसे प्रशासन ने विवाह रोक दिया, वही तीसरा मामला ग्राम गोगिया का था, जहां एक 15 वर्ष 7 माह के नाबालिक लड़के के पथरिया मुंगेली के लिए निकल रही बारात को संयुक्त टीम द्वारा रूकवाया गया साथ ही शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच की गई एवं घोषणा पत्र में परिजनों से हस्ताक्षर कराया गया जो वैधानिक विवाह की न्यूनतम उम्र से कम थी।

परिजनों को दी गई समझाईश-महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने सभी नाबालिग बच्चों और उनके माता-पिता को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया। टीम ने उन्हें समझाया कि लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष की उम्र से पहले विवाह कानूनी रूप से अपराध है जो बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की चेतावनी दी गई अधिनियम के अनुसार बाल विवाह करने पर दो वर्ष का कारावास और 1 लाख रूपये का जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा विवाह कराने, अनुमति देने, सहयोग करने या इसमें शामिल होने वालो पर भी कार्यवाही का प्रावधान है। इस कार्रवाई में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, एकीकृत बाल विकास परियोजना सिमगा, भाटापारा और पुलिस टीम का महत्वपूर्ण योगदा रहा।

### जनहित व जनसुरक्षा के साथ पीएम मोदी के

## विकसित छग के लक्ष्य को पूरा करने वाला प्रगति का बजट : श्याम बाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सोनाखान /कसडोल, 5 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 25 वां बजट पेश किया है। इस बार बजट में युवाओं को नौकरियां, शिक्षा, किसान कल्याण, सरकारी कर्मचारियों, अधोसंरचना निर्माण समेत महिलाओं के लिए भी कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं। इस वर्ष का अनुमानित बजट लगभग 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपए से अधिक का रहा जो विगत बजट से 12 प्रतिशत अधिक है।

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए श्याम बाई साहू प्रदेश मंत्री भाजपा छत्तीसगढ़ ने कहा कि बजट 2025-26 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को गति देना वाला प्रगति का बजट है। आज जो ऐतिहासिक एवं सर्वस्पर्शी बजट मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में प्रस्तुत किया उसके लिए मैं मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करती हूँ। प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, कृषि व किसान कल्याण, युवाओं को रोजगार व शिक्षा, शासकीय कर्मचारियों को प्रोत्साहन, अधोसंरचना ग्राम विकास, जनजातीय समुदाय एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विकास के साथ ही सर्वस्पर्शी बजट से जन-जन की सुरक्षा एवं प्रदेश का विकास सुनिश्चित होगा।

प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने कहा कि पिछले वर्ष का बजट "GYAN" में (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर केंद्रित था, जबकि इस वर्ष का बजट "GATI" (गुड गवर्नेंस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ) पर केन्द्रित है जिससे छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। बजट में महतारी वंदन योजना में वृद्धि कर 5500 करोड़ रुपए किया जाना, आगामी 3 वर्षों में लखपति दीदी योजना के माध्यम से प्रदेश की 8 लाख महिलाओं को लखपति बनाना, 7 वर्किंग वूमन हॉस्टल, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में माताओं और महिलाओं को समर्पित महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। 50 करोड़ रुपये के बजट से बनने वाले ये सदन महिलाओं को सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करेंगे। जिसके लिए मैं प्रदेश की महिलाओं की ओर से सरकार का आभार व्यक्त करती हूँ।

बजट में पेट्रोल की कीमत में राज्य सरकार की तरफसे एक रूपये की कम किये जाने और शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि करने का जनहितैषी फैसला लिया गया जिससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी युवाओं को सपनों को पंख देने के लिये नवा रायपुर अटल नगर में 50 करोड़ की लागत से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ फैशन टेक्नोलॉजी की स्थापना, युवाओं की रचनात्मकता और नवाचार को सशक्त करने हेतु स्टूडेंट स्टार्टअप इनोवेशन पालिसी के लिए 5 करोड़ का प्रावधान, छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत खेल सुविधाओं का विस्तार, सुशासन के संकल्प से युवा प्रतिभाओं को मंच मिलेगा वहीं खेल प्रतिभाओं के सपनों को नई उड़ान मिलेगी। 17 और नालंदा पुस्तकालयों को मंजूरी और 25 कॉलेजों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में बदलने के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान इस बजट में किया गया है। कृषि एवं कृषक कल्याण के लिए इस बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं एवं बजट आवंटित किये गए हैं।

# शासन की धुरी माने जाने वाले कर्मचारी हैं हलाकान बजट में नहीं रखा गया उनका ध्यान: कैलाश रामटेके

- कर्मचारियों को मार्च से केवल 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता
- शिक्षक, कर्मचारियों को उपेक्षित रखना गलत
- छग बजट से कर्मचारी हुए निराश, पुरानी सेवा गणना, लंबित, वेतन विसंगति दूर करने, कैशलेश चिकित्सा व पूर्ण पेंशन प्रदाय करने की थी आस : शालेय शिक्षक संघ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 5 मार्च।** दोनों संगठनों के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने बताया है किछग के इस बजट प्रदेश के शिक्षकों और कर्मचारियों को बड़ी निराशा हुई है, क्योंकि उनके लिए मार्च 2025 से 3त्न मंहगाई भत्ते के अतिरिक्त कोई घोषणा नही की गई, बजट से लाभान्वित होने वालों में उनका कोई स्थान नही है, जबकि प्रदेश के शिक्षको व कर्मचारियों ने विष्णुदेव सरकार से बड़ी आस लगा रखी थी जिनमे प्रमुख रूप से संविलियन प्राप्त शिक्षको की पुरानी सेवा गणना, क्रमोन्नति, देय तिथि से मंहगाई भत्ता व उसका एरियर्स, वेतन विसंगति दूर करने, कैशलेस चिकित्सा, पूर्ण पेंशन प्रदान करने जैसी महत्वपूर्ण मांगे रही, जिन पर इस बजट में कोई निर्णय नही लिया गया। छग शालेय शिक्षक संघ ने इसे शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए निराशाजनक बजट बताया है।

शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा कि बजट समावेशी होना चाहिए था, कमर्चारी शासन की रीढ़ होते है, ऐसे में इस बजट में उनकी उपेक्षा करना बेमानी है, शिक्षकों और कर्मचारियों ने साय सरकार से बड़ी उम्मीदें लगा रखी थी किंतु छग बजट के प्रस्तुत होते ही, बजट में कर्मचारियों के लिए न कोई योजना, न कोई घोषणा की गई जिससे शिक्षक व कर्मचारी उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

शालेय शिक्षक संघ के महासचिव धर्मेश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी व प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा जिलाध्यक्ष प्रहलाद जैन ने कहा कि संविलियन प्राप्त शिक्षक अपनी बहुप्रतीक्षित मांग पुरानी सेवा गणना कर क्रमोन्नति, पूर्ण पेंशन, कैशलेश चिकित्सा, वेतन विसंगति दूर करने की बाट जोह रहे थे पर इस बजट में इन मांगों पर कोई ध्यान नही दिया गया है इसी तरह प्रदेश का हर कर्मचारी अपनी लंबित ष्ठ व उसके मंहगाई भत्ते को देय तिथि से केंद्र के बराबर किये जाने की प्रतीक्षा कर रहे थे उसमें भी सभी के हाथ निराशा लगी है। साय सरकार को सभी का ध्यान रखना चाहिए, बजट समावेशी होना चाहिए, पर कर्मचारियों को कुछ भी नही मिला।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202502092100018
अ/6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विकासचंद भंडारी वल्द प्रकाशचंद भंडारी जाति जैन उम्र 47 वर्ष निवासी गोलबजार वार्ड नं. 12 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे एवं मेरे अन्य हिस्सेदारों के अधिकार एवं आधिपत्य की भूमि नजूल शहर वार्ड न. 12 डोंगरगढ़ भूखण्ड क्रमांक 1366/4 क्षेत्रफल 1591.34 वर्गफुट भूमि है, जो की मेरे द्वारा पूर्व में परिवारिक बटवारा हो चुका है जिसमें बटवारा में प्राप्त भूमि पर प्रथमपक्षकार (आवेदक) काबिज भी है तथा द्वितीयपक्षकार (विनय, ज्योति, शोभा भंडारी) को अन्य भूमि पर हिस्सा प्राप्त हुआ है जिस पर वह काबिज भी है। जिस कारण से द्वितीयपक्षकार के द्वारा अपने स्वेच्छा से उपरोक्त शामिल सरीक खाते की भूमि से किसी भी प्रकार का कोई हक हिस्सा प्राप्त करना नहीं चाहता है जिसके समर्थन में विधिवत हकपरित्याग विलेख निष्पादित किया गया है जिसका पुस्तक क्रमांक 1 ग्रर्थ क्रमांक 2962 पृष्ट क्रमांक 163 से 184 विलेख क्रमांक 613 पंजीयन दिनाक 27/06/2023 को पंजीबद्ध है। मेरे उपरोक्त भूमि से द्वितीय पक्षकार का नाम विलोपीत कर मुझ प्रथम पक्षकार (आवेदक) का नाम उक्त खाते में यथावत दर्ज रहने दिया जाये। मेरे उपरोक्त भूमि से मेरे शेष हिस्सेदारों (विनय, ज्योति, शोभा भंडारी) का नाम विलोपीत कर मेरा नाम यथावत दर्ज रहने दिये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 24/03/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम. (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202502082200025
अ/20 (4), वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश कुमार बांधेकर, सुनील कुमार बांधेकर पिता राजकुमार बांधेकर सांकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नगर कवर्धा स्थित भूमि खसरा नंबर 53/9 रकबा 0. 0200 हे. जो कि सतीश कुमार बांधेकर, सुनील कुमार बांधेकर पिता राजकुमार बांधेकर के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। जिसमें से आवेदक के द्वारा क्षेत्रफल 111.05 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय योजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 13/3/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 27/2/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांक : 27/2/2025**
**पेशी दिनांक 13/3/2025**

मुहर

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रिसाली तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्रमांक Q रा.नि./2024/रिसाली
दिनांक 27/2/2025

**सूचना-पत्र**

**आवेदक/आवेदिका- शिखारानी/विनय**
**सीमावर्ती भूमिस्वामी- नरेश साहू, नीला साहू**
**विषयः- सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत्।**

ग्राम रिसाली प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. रिसाली तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 691/9 रकबा 0.02 हे. न्यायालय में सीमांकन बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक ............... वाचक/मा. तह. 2022/दुर्ग दिनांक ............... के परिपालन में दिनांक 6/3/2025 को 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन, स्थल जांच किया जाना है, अतः दस्तावेज रजिस्ट्री, बयनामा, लेआऊट सहित नियत समय पर उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
रिसाली

एक नजर

### निशुल्क कैंसर जांच शिविर 7 को



**रायपुर, 5 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ और सनराइज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं में बढ़ते हुए कैंसर के मामले को देखते हुए विशाल निशुल्क कैंसर जांच शिविर 7मार्च शुक्रवार को सुबह 10बजे से 2बजे मरीन ड्राइव तेलीबांधा रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जा रहा है जिसमें वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ रवि जायसवाल, डॉ सौरभ जैन का मार्गदर्शन उपलब्ध रहेगा। इस आयोजन में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट कैंसर सर्वाइकल कैंसर की जांच पिंक एक्सप्रेस में की जाएगी यह जांच पूर्णता निःशुल्क रखी गई है जो भी महिलाएं अपना पंजीयन करना चाहती हैं वह शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष स्मिता सिंह से फोन नंबर 9893832232पर संपर्क करें।संस्था आप सभी से अपील करती है कि अधिक से अधिक महिलाएं जाकर अपना चेकअप कराकर अपने जीवन को सुरक्षित बनाएं।

### 20 लाख और परिवारों को सशक्त बनाने का संकल्प

**रायपुर, 5 मार्च।** देश में निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने अपने साझेदार एनजीओ और एक्सिस ग्रुप की लीडरशिप टीम के साथ 'अभिसरण 2025' नामक बहु-हितधारक कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन में वन एक्सिस सीएसआर विजन को लॉंच किया गया, जो पूरे एक्सिस ईकोसिस्टम के तहत सामाजिक बदलाव के लिए एकीकृत दृष्टिकोण है। यह आयोजन बैंक की सीएसआर यात्रा में एक अहम पड़ाव साबित हुआ, जहां 'मिशन 2 मिलियन' पहल की सफल समाप्ति का जश्न मनाया गया और 'मिशन 4 मिलियन' की शुरुआत की गई। इस नए लक्ष्य के तहत सतत आजीविका, वित्तीय सशक्तिकरण और कौशल विकास के जरिए 20 लाख और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग दिया जाएगा।

### सौर ऊर्जा का बढ़ा महत्व

**रायपुर, 5 मार्च।** पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड), जो भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण कंपनी है तथा क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स और मोबाइल भुगतान की अग्रणी रही है, ने व्यापारियों के लिए 'पेटीएम सॉलर साउंडबॉक्स' लॉन्च किया है, जो भारत में अपनी तरह का पहला उपकरण है। यह इनोवेशन हल्की धूप में भी जल्दी चार्ज होकर पूरे दिन की पावर प्रदान करता है, जिससे छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को बिना किसी परेशानी के भुगतान और विश्वसनीय सेवा मिलती है। भारत में बना यह पेटीएम सॉलर साउंडबॉक्स एक एनवायरमेंट फ्रेंडली समाधान है, जो कम लागत वाले वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत का उपयोग करता है।

### शराब सौ रुपए लीटर सस्ती, पेट्रोल एक रुपए लीटर : कन्हैया

**रायपुर, 5 मार्च।** मध्यवर्गीय नागरिक संगठन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने शराब की कीमतों में भारी भरकम कमी करने के सरकार के फैसले को प्रदेश में शराब को बढ़ावा देने वाला कदम बताते हुए कहा कि इसका खामियाजा हम सबको भुगतना पड़ेगा। पेट्रोल में मात्र एक रुपए घटाने का निर्णय, डीजल पर कोई छूट नहीं, सिलेंडर सस्ता करने का वादा एक बार फिर अधूरा। मध्यवर्गीय नागरिक संगठन ने प्रदेश के मुखिया विष्णु देव सहाय से पांच सौ रुपए में सस्ता सिलेंडर प्रदान कर मोदी की गारंटी पूरा करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को सिलेंडर सस्ता करना था लेकिन ब्लेंडर (शराब) सस्ती कर दी है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल में यदि शराब की तरह बड़ी छूट मिल जाती तो माल भाड़ा, यात्रा भाड़ा सब कम हो जाता, महंगाई भी बहुत हद तक कम होती पर ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि शराब, गुटखा, सिगरेट जैसी वस्तुओं का विक्रय हतोत्साहित करने सरकार हमेशा टैक्स बढ़ती थी।

# भाठागांव चौक से महादेव घाट तक बनेगी नई फोरलेन सड़क



**रायपुर, 5 मार्च।** भाठागांव चौक से लेकर महादेव घाट तक ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। इस समस्या से निपटने के लिए नई फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। इस सड़क के लिए राज्य बजट में भी प्रावधान किया गया है। सड़क को चार लेन चौड़ा करने का प्रस्ताव जिला प्रशासन को सौंपा है।

भाठागांव चौक पर भारी और व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध के बावजूद हर घंटे जाम की स्थिति बनी रहती है। भाठागांव चौक से लेकर महादेव घाट और काठाडीह तक बड़ी कॉलोनियों के विकसित होने से यातायात का दबाव बढ़ गया है। बस संचालकों ने भी इस क्षेत्र में अपना डिपो बना लिया है। इसके अलावा वीआईपी लोगों की लगातार आवाजाही से संकरी सड़कों पर स्थिति और भी खराब हो जाती है। इस समस्या को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने एक सर्वे कराया है। इस सर्वे के आधार पर सड़क को चार लेन चौड़ा करने का प्रस्ताव जिला प्रशासन को सौंपा गया है।

सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, चार लेन वाली सड़क बनने से एक लाख से ज़्यादा लोगों को राहत मिलेगी, जो इस समय रोज़ाना ट्रैफ़िक जाम का सामना करते हैं। वाहनों की आवाजाही ज़्यादा आसान हो जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि, कलेक्टर ने हाल ही में दिन के समय भारी और बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। यह इलाका रायपुर और दुर्ग की सीमा पर स्थित है और इस क्षेत्र में आबादी तेज़ी से बढ़ रही है, जिससे यातायात का दबाव बढ़ रहा है। लोधीपारा चौक के दोनों तरफकी दुकानें तोड़ी जाएंगी और मुआवजा दिया जाएगा लोधीपारा चौक का चौड़ीकरण कई सालों से रुका हुआ है। दोनों तरफ की दुकानें तोड़ी जाएंगी और मुआवजा दिया जाएगा या फ्लोर एरिया रेशियो (एफ़ए़आर) बढ़ाया जाएगा। इससे लोधीपारा से शंकर नगर तक चौड़ी सड़क बनेगी और ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी। इस चौराहे से रोजाना 60, 000 से ज्यादा वाहन गुजरते हैं।

**नई बाइपास सड़क मिलेगी:** अग्रसेन धाम चौक से विजय नगर होते हुए कचना तक एक संकरी सड़क फैली हुई है। इस सड़क को चौड़ा करने से जीई रोड पर यातायात की भीड़ कम होगी। शहर में आने-जाने के लिए निवासी इस मार्ग का उपयोग कर सकेंगे, जिससे यह प्रभावी रूप से एक नए बाईपास मार्ग में तब्दील हो जाएगा। नतीजतन, इससे तेलीबांधा चौक पर दबाव कम हो जाएगा।

एक सुझाव

## धरसीवां-बरबंदा सिंगल लेन से फोर लेन कर दें तो...



**रायपुर, 5 मार्च।** नई राजधानी पहुंचने के लिए एक और रिंग रोड की अत्यंत आवश्यकता है जिस पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मंत्रालय, विधानसभा मुख्यमंत्री, मंत्री निवास आदि सब नया रायपुर शिफ्ट होने जा रहा है यहां तक कि रायपुर एयरपोर्ट भी उसी क्षेत्र में है। ऐसे में धमतरी, आरंग अथवा दुर्ग साइड के लोगों को कोई दिक्कत नहीं लेकिन बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, मुंगेली कवर्धा की ओर से नया रायपुर आने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि रिंग रोड क्रमांक 3 धनेली से शुरू होती है और राजू ढाबे के पास आरंग रोड में मिलती है। इस रिंग रोड में धनेली से विधानसभा तक का हिस्सा बहुत ज्यादा ट्रैफिक वाला हो चुका है। जगह - जगह वेयर हाउस बन जाने से इस सड़क पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ चुका है उसमें में सिलतरा जैसे घने इंडस्ट्रियल एरिया का ट्रैफिक, जिसमें फैक्टरी कर्मी से लेकर बड़े- बड़े ट्रेलर तक शामिल है, के बीच से होकर लोगों को नया रायपुर अथवा एयर पोर्ट जाना होता है। ऐसे में धरसीवां बायपास से एक सड़क जो बरबंदा को जाती है उसे फोर लेन बना दिया जाय तो यह एक अच्छी रिंग रोड बन जाएगी बिलासपुर दिशा की ओर से आकर नया रायपुर या एयरपोर्ट की ओर जाने वालों के लिए बड़ी सुविधा हो जाएगी। यह रोड पहले से है मगर सिंगल लेन है बस इसे फोर लेन करना होगा और बीच में रेलवे फाटक पड़ता है उसमें ओवर ब्रिज बनाना होगा। सिर्फइतना करने से बिलासपुर की ओर से आ रहा ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। लोग इस मार्ग से काफी कम समय में नया रायपुर एयरपोर्ट की ओर पहुंच सकेंगे साथ ही बिलासपुर से आरंग की ओर जाने वाला हैवी ट्रैफिक भी बाहर ही बाहर निकल जाएगा इससे धनेली के आसपास होने वाली दुर्घटनाओं में भी काफी कमी आएगी।

## शराब घोटाला: हाई कोर्ट ने ईओडब्ल्यू को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**रायपुर, 5 मार्च।** राज्य के बहुचर्चित शराब घोटाले में आबकारी विभाग के निलंबित अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी द्वारा दायर की गई क्रिमिनल रिवीजन याचिका पर हाई कोर्ट ने सुनवाई की। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच में हुई सुनवाई के दौरान आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया।

यह मामला उस समय सुर्खियों में आया था जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मई 2023 में अरुणपति त्रिपाठी को गिरफ्तार किया था। त्रिपाठी, जो पूर्व में आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और राज्य विपणन निगम लिमिटेड के एमडी रहे हैं, को शराब घोटाले में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के बाद उन्हें विशेष अदालत ने जेल भेज दिया था, और उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में भी जमानत की मांग की थी, हालांकि वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। अंततः हाई कोर्ट में दोबारा जमानत याचिका दायर की गई, जिसके बाद उन्हें जमानत मिल गई।

आर्थिक अपराध शाखा ने भी इस मामले में संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन त्रिपाठी ने इसे चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन याचिका दायर की थी। उनकी ओर से वकील आदित्य तिवारी ने दलील दी कि धारा 9 के तहत इस तरह के मामलों में राज्य सरकार की अनुमति लेना आवश्यक है, जो इस मामले में नहीं ली गई थी। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद ईओडब्ल्यू को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

### पत्रकार प्रफुल्ल पारे को पितृ शोक

**रायपुर, 5 मार्च।** पत्रकार प्रफुल्ल पारे के पिताजी श्रीधर रामनारायण पारे नही रहे। उन्होंने कल अंतिम सांस ली। बहुत दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नही था। 1 दिसंबर 1937 को उनका जन्म हरदा ज़िले के ग्राम रहटगांव में हुआ था। सन 1962 से दुर्ग छत्तीसगढ़ उनकी कर्मभूमि रही और भारतीय मजदूर संघ में सक्रिय रहे और बाद में रायपुर में लंबे समय तक भाजपा और संघ में सक्रिय रहे।

## यातायात सुधारने बृजमोहन ने ली उच्चस्तरीय बैठक



**रायपुर, 5 मार्च।** राजधानी रायपुर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, सड़कों के चौड़ीकरण तथा अन्य आवश्यक बुनियादी सुधारों को लेकर रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, राष्ट्रीय राजमार्ग और नगर निगम विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में सांसद अग्रवाल ने रायपुर लोकसभा क्षेत्र में सड़कों की वर्तमान स्थिति एवं संबंधित परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। वीआईपी चौक और रिंग रोड पर लगातार लगने वाले ट्रैफिक जाम को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सर्विस रोड को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही, कमल विहार समेत अन्य आवश्यक स्थानों पर ग्रेट सेप्रेटर के निर्माण को लेकर संबंधित अधिकारियों को योजना तैयार करने के लिए कहा।

सांसद अग्रवाल ने राजधानी में चार से अधिक ओवरब्रिज तथा कचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में पांच से अधिक अंडरपास निर्माण पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही रायपुर - बलौदा बाजार - सारंगढ़ रोड की स्थिति को लेकर भी समीक्षा की और इसके उन्नयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ वीआईपी रोड की सर्विस लेन को भी जगह जगह खोलने के निर्देश दिए हैं।

अग्रवाल ने राजधानीवासियों को ट्रैफिक जाम और पार्किंग समस्याओं से राहत दिलाने के लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से लंबित कार्यों की जानकारी मांगी और आश्वस्त किया कि वे इन मुद्दों को आगामी लोकसभा सत्र के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के समक्ष उठाएंगे। इसके अलावा, स्वीकृत परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राजधानी रायपुर को आधुनिक और सुगम यातायात प्रणाली से युक्त बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

बैठक में प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई दिग्विजय सिंह, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी के भतपैहरी, कार्यपालन अभियंता राजीव नशीने, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के संयुक्त निदेशक विनीत नायर, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशाषी अभियंता एस एस मांझी, कार्यपालन अभियंता गोविंद अहिरवार, नगर निगम कमिश्नर अविनाश मिश्रा उपस्थित रहे।

## आईपीएल से पहले पकड़ाए सटोरिये



**रायपुर, 5 मार्च।** रायपुर पुलिस और क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए दो बड़े बुकियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी लग्जरी कार (जगुआर) में घूम-घूमकर चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों में सट्टा खेलवा रहे थे और इंडियन प्रीमियर लीग से पहले ही अपना नेटवर्क सक्रिय कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास अग्रवाल उर्फ विक्की और सौरभ जैन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कई मास्टर आईडी, आधा दर्जन मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए हैं, जिनमें करोड़ों रुपये के लेन-देन का खुलासा हुआ है। इनके नेटवर्क में शामिल अन्य सट्टेबाजों और ग्राहकों की भी पहचान की जा रही है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विकास अग्रवाल उर्फ विक्की और सौरभ जैन रायपुर में ऑनलाइन सट्टे का संचालन कर रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में, खासकर भारत और ऑस्ट्रेलिया के मैच पर भारी मात्रा में सट्टा लगाया जा रहा था। इसके बाद क्राइम ब्रांच और रायपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को धर दबोचा। जांच में सामने आया कि ये आरोपी Classic777, Bet999 जैसी कई ऑनलाइन बेटिंग आईडी के मास्टर थे, जिनके माध्यम से वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच, ऑनलाइन कैसीनो और अन्य स्पोर्ट्स इवेंट्स में सट्टा चला रहे थे। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों के पास मास्टर आईडी के जरिए 70 से अधिक ग्राहक जुड़े थे। इन ग्राहकों को मास्टर आईडी से सट्टे के लिए कॉइन भेजे जाते थे। सट्टे में लगी रकम करोड़ों रुपये तक पहुंच चुकी थी। जब्त किए गए मोबाइल फोन और लैपटॉप में कई महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं, जिनमें बड़े सट्टेबाजों, ग्राहकों और अन्य खाइवालों के नाम दर्ज हैं। इनकी जांच जारी है, और जल्द ही पुलिस अन्य सट्टेबाजों पर भी शिकंजा कस सकती है।

### राजनैतिक दल दें गाय को राष्ट्रमाता स्वीकारने सहमति

**रायपुर, 5 मार्च।** देश के पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों के नेतृत्व व मार्गदर्शन में कार्यरत भारत सहित एक सौ देशों के 1008 धार्मिक व सामाजिक प्रतिभाओं के संगठन परम धर्म संसद 1008 द्वारा पिछले दो वर्षों से देश में गौ प्रतिष्ठा अभियान चला कर केन्द्र व सभी राज्य सरकारों से गौमाता को पशु सूची से बाहर कर उसे राष्ट्रमाता स्वीकारे जाने का प्रस्ताव पारित करने का लगातार अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त संदर्भ में पिछले साल केवल एक राज्य महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे ने चुनाव से पहले परम धर्म संसद 1008 के परमाध्यक्ष, ज्योतिर्मठ के पूज्यपाद शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज की उपस्थिति में गौमाता को महाराष्ट्र की राज्यमाता घोषित कर राज्य में उसके भरण-पोषण की समुचित व्यवस्था किए जाने की घोषणा की गई है।

हाल ही में प्रयागराज में सम्पन्न कुम्भ मेले में परम धर्म संसद 1008 के एक माह तक चले सत्र के दौरान लिए गए एक निर्णय के अनुसार देश के सभी सत्तारूढ़ व विपक्षी राजनैतिक दलों को गौमाता को राष्ट्रमाता स्वीकारने की सहमति देने 17 मार्च तक अंतिम अवसर दिया गया है। धर्म संसद में देश के पूज्यपाद तीन शंकराचार्यों व सैकड़ों अन्य विख्यात धार्मिक व सामाजिक प्रतिभाओं ने भाग लिया।

## जयस्तंभ से फाफाडीह चौक तक हटाए गए ठेला-गुमटी



**रायपुर, 5 मार्च।** शहर सरकार के बदलते ही राजधानी की ट्रैफिक को सुधारने के लिए कवायद शुरू हो गई है. इस कड़ी में बुधवार को अवैध दुकानों और ठेला को हटाने का अभियान शुरू हुआ. नगर निगम के अमले ने पुलिस बल की मौजूदगी में जय स्तंभ चौक से लेकर फाफाडीह चौक तक सड़क के इर्द-गिर्द बने अवैध दुकानों, ठेलों और गुमटियों को बुलडोजर से हटाने की कार्रवाई शुरू की. इस दौरान पुलिस और नगरीय निकाय की टीम से दुकानदारों की झूमाझटकी भी हुई.

रायपुर में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग

# 8 मार्च को भिड़ेंगी सचिन और लारा की टीमें




**रायपुर, 5 मार्च।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का आगाज हो चुका है. इस बार छह देशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं. इस लीग का 12वां मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा.

इस लीग में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, पठान ब्रदर्स के साथ-साथ वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा भी एक बार फिर से मैदान में उतरेंगे और चौके-छक्कों की बौछार करेंगे. रायपुर में कुल छह रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे. जिसमें दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच भी होंगे.

ये मैच दर्शकों के लिए खास होंगे, क्योंकि उन्हें स्टेडियम में लाइव देखने का मौका मिलेग. मैच की तैयारियां जोरों पर हैं, और आनलाइन टिकट बुकिंग भी शुरू हो चुकी है. बता दें कि लीग के मैचों के लिए मुंबई, लखनऊ और रायपुर के स्टेडियम का चयन किया गया है. लीग मैचों में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन दिखाया है. ऐसे में संभावना है कि इंडिया फाइनल में पहुंच सकती है. क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह एक खुशी की खबर है कि फाइनल मैच रायपुर में आयोजित होगा. सात मार्च को खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे और इसके बाद अभ्यास करेंगे. मैच 7:30 बजे से शुरू होगा. टिकटों की बिक्री पहले दिन क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों को देखने के लिए लोगों ने टिकट खरीदने शुरू कर दिए हैं.

स्टेडियम में सबसे सस्ती टिकट 500 रुपये की है. इसके लिए दो ब्लाक विशेष रूप से निर्धारित किए गए हैं. वहीं लोअर टिकट की कीमत 1000 रुपये, गोल्ड 6000 रुपये, प्लेटिनियम 8000 रुपये और कापरिट बाक्स टिकट 10, 000 रुपये रखी गई है. केवल इंडिया और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले मैच की टिकट भी काफी महंगी है. बाकी मैचों की टिकट की शुरुआत 100 रुपये से हो रही है. जो कि काफी सस्ती मानी जा रही है.

## जय व्यापार पैनल की धुंआधार सम्पर्क यात्रा

**रायपुर, 5 मार्च।** जय व्यापार पैनल से जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव एवं परमानन्द जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चुनाव को लेकर जय व्यापार पैनल पूरी जागरूकता के साथ पूरे प्रदेश में सम्पर्क यात्रा कर रहा है।

जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी क्रमशः अमर पारवानी, अजय भसीन व उत्तम गोलछा अपनी टीम के साथ आज धमतरी, चरामा, व कांकेर जिले के सदस्यों से मुलाकात की। चर्चाओं के साथ-साथ भविष्य में व्यापार को और कैसे नई उंचाई पर ले जाने हेतु अपने विचारो की प्रस्तुति दी। साथ ही साथ आनें वाले चुनाव में जय व्यापार पैनल को पुनः पूर्ण बहुमत प्रदान करनें हेतु निवेदन किया।

सम्पर्क यात्रा के दौरान प्रत्येक इकाई द्वारा हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया गया है। जनसम्पर्क के दौरान मिल रहे आत्मीयता एवं सम्मान से पूरी टीम अभिभूत है। पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि ऐतिहासिक जीत होने वाली है। सम्पर्क यात्रा में तीनों प्रमुख उम्मीद्वारों के साथ विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, शंकर बजाज, राजेन्द्र खटवानी आदि सदस्यगण भी साथ में यात्रा कर रहे है। धमतरी छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी अरविंद दोषी, सलज अग्रवाल, सुरेश महावार, महेश जसूजा, सलज अग्रवाल, धनराज लूनिया, रामचंद वाधवानी, रवि मुंजवानी, बंटी वाधवानी, राजमल राखेचा, वरिष्ठ नागरिक गोपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### एकता पैनल का दोहरा मापदण्ड

**रायपुर, 5 मार्च।** जय व्यापार पैनल से जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव एवं परमानन्द जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चुनाव को लेकर एकता पैनल क्या चाहता है आज संस्था के सारे सदस्य असंमजस्य में है। संविधान संशोधन को लेकर एकता पैनल के अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने रजिस्ट्रार के समक्ष कई बिन्दुओं पर आपत्ति लगाई थी जिस पर रजिस्ट्रार विधिवत सुनवाई की और संविधान संशोधन को नियमपूर्वक पाया और श्रीचंद सुंदरानी द्वारा लगाई गई आपत्ति को खारिज कर दिया था। इसके पश्चात् मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली के समक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने लिखित में आस्वासन दिया कि आप चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढाये हम इस विवाद को लेकर आगे किसी भी कानूनी प्रक्रिया में नहीं जायेगें। चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढाते हुए चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव अधिसूचना जारी किये जाने के पश्चात् श्रीचंद सुंदरानी द्वारा सचिव वाणिज्य एवं उद्योग छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष चुनाव पर स्टे लगाने की याचिका प्रस्तुत की गई है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26